सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

गुरूवार, 20 अक्टूबर 2022

वर्ष-2-अंक 303

मूल्य 2 पृष्ठ 8

e-mail: aknewstv2@gmail.com

RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित




## ख़ास ख़बर

### हिमाचल चुनावः भाजपा ने जारी की 62 उम्मीदवारों की सूची, एक मंत्री सहित 11 विधायकों के कटे टिकट

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को 62 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने एक मंत्री सहित 11 विधायकों का टिकट काट दिया है जबकि दो मंत्रियों की सीटों में बदलाव किया है।मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के बेटे अनिल शर्मा को भाजपा ने मंडी से उम्मीदवार बनाया है। आज जारी 62 उम्मीदवारों की सूची में पांच महिलाओं को भी टिकट दिया गया है।भाजपा नेताओं ने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर भाजपा शेष बची छह सीटों पर भी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 सीटें हैं।



### प्रधानमंत्री की उत्तराखंड यात्रा से पहले धामी ने बदरीनाथ का दौरा किया

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित उत्तराखंड यात्रा से दो दिन पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बदरीनाथ पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। प्रदेश में अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री 21 और 22 अक्टूबर को केदारनाथ और बदरीनाथ जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बदरीनाथ धाम पहुंचने के बाद पहले मंदिर में भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की। इस दौरान, उन्होंने बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया तथा इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# कांग्रेस को मिला नया अध्यक्ष

## मल्लिकार्जुन खड़गे को 7,897 वोट मिले, थरूर को 1,072 वोट मिले

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे बुधवार को अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को पराजित कर पार्टी के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस तरह से 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर का कोई नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बना है। खरगे ने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया। खरगे को 7,897 वोट मिले तथा थरूर को।,072 वोट हासिल हुए। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने खरगे को निर्वाचित घोषित किया। मिस्त्री ने बताया कि चुनाव में 9,385 वोट पड़े थे और इनमें से 416 वोट अवैध करार दिए गए। पार्टी का कहना है कि खरगे 26 अक्टूबर को अध्यक्ष पद का पदभार संभालेंगे। जीत के बाद खरगे ने कहा कि पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं है तथा वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस के एक सच्चे सैनिक के तौर पर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता समान है एवं लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डालने वाली फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। थरूर ने चुनाव नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली और खरगे को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि वह विरोध के नहीं, बदलाव के उम्मीदवार थे। खरगे की जीत की आधिकारिक घोषणा के कुछ देर बाद पार्टी की निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा उनके आवास पहुंचे और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने भी खरगे को बधाई दी। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष की नई भूमिका के लिए मल्लिकार्जुन खरगे जी को मेरी शुभकामनाएं। आगे उनका कार्यकाल सार्थक रहे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मल्लिकार्जुन खरगे जी को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष भारत के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को संभालने जा रहे खरगे जी का व्यापक अनुभव और वैचारिक प्रतिबद्धता पार्टी के बहुत काम आएगी।



प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बनने पर खरगे जी को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि राजनीतिक जीवन का आपका जमीनी अनुभव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती देगा। आपके नेतृत्व में संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि खरगे की जीत उन ताकतों की विजय है जो निजी गौरव से ऊपर वैचारिक प्रतिबद्धता को रखते हैं।पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे जी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व व मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकताओं को एक नई दिशा मिलेगी तथा सभी लोग कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे बुधवार को पार्टी के नए अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया।

### कांग्रेस की मजबूती के लिए सभी को कार्यकर्ता के रूप में मिलकर काम करना होगा : खड़गे

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं है तथा वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस के एक सच्चे सैनिक के तौर पर काम करेंगे। खरगे ने पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित होने के तुरंत बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता समान है एवं लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डालने वाली फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। खरगे ने कहा कि कोई भी सदस्य छोटा या बड़ा नहीं और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सभी को कार्यकर्ता के रूप में मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा,"लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरों से हमें साथ मिलकर लड़ना है। खरगे औपचारिक रूप से 26 अक्टूबर को पार्टी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

### मोदी ने खड़गे को दी बधाई कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके सार्थक कार्यकाल की कामना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बधाई दी और कामना की कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के मुखिया के रूप में उनका कार्यकाल सार्थक रहे। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष की नई भूमिका के लिए मल्लिकार्जुन खरगे जी को मेरी शुभकामनाएं। आगे उनका कार्यकाल सार्थक रहे।

**सोनिया ने खड़गे के आवास पर पहुंचकर बधाई दी**

कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद सोनिया गांधी खड़गे के 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचीं। उनके साथ पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी थीं।

**राहुल गांधी ने खड़गे को बधाई दी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जीत पर बधाई दी और कहा कि इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को संभालने जा रहे खरगे का व्यापक अनुभव और वैचारिक प्रतिबद्धता पार्टी के बहुत काम आएगी। उन्होंने ट्वीट किया, मल्लिकार्जुन खरगे जी को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष भारत के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। राहुल गांधी ने कहा, इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को संभालने जा रहे खरगे जी का व्यापक अनुभव और वैचारिक प्रतिबद्धता पार्टी के बहुत काम आएगी।

**कांग्रेस के मजबूत होने की नई शुरुआत: थरूर**

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार रहे शशि थरूर ने मल्लिकार्जुन खरगे की जीत की पृष्ठभूमि में बुधवार को कहा कि यह लोकतांत्रिक मुकाबला था जिस वजह से पार्टी में सभी स्तरों पर स्वस्थ और रचनात्मक बहस हुई और यह भविष्य में पार्टी के लिए बेहतर रहेगा। उन्होंने एक बयान में यह भी कहा कि कांग्रेस के मजबूत होने का सिलसिला आरंभ हो चुका है। थरूर के अनुसार, नेहरू-गांधी परिवार का कांग्रेस सदस्यों के दिलों में हमेशा एक विशेष स्थान रहा है और आगे भी रहेगा।

## मतांतरण, घुसपैठ से जनसंख्या असंतुलन पैदा हो रहा है : आरएसएस नेता होसबोले

**■ प्रयागराज**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को कहा कि धर्मांतरण और बांग्लादेश से घुसपैठ की वजह से देश में"जनसंख्या असंतुलन" पैदा हो रहा है। उन्होंने धर्मांतरण रोधी कानूनों को सख्ती से लागू करने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर यमुनापार गौहनिया में एक विद्यालय परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा कि धर्मांतरण पर संगठन जागरूकता उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा है।



उन्होंने कहा कि घर वापसी के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। घर वापसी इस्लाम और ईसाई धर्म अपना चुके लोगों को हिंदू धर्म में वापस लाने का संघ परिवार का प्रयास है। होसबाले ने कहा कि धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन इन कानूनों को सख्ती से लागू किए जाने की जरूरत है।उन्होंने यह बात उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों में संबंधित कानूनों के संदर्भ में कही जो बलपूर्वकक या प्रलोभन द्वारा कराए जाने वाले धर्मांतरण को प्रतिबंधित करते हैं।


आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी 16 से 19 अक्टूबर तक प्रयागराज में हुई संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में शामिल हुए। होसबोले ने कहा, मतांतरण से हिंदुओं की संख्या कम हो रही है और जनसंख्या असंतुलन के कारण कई देशों में विभानज की नौबत आई है।

## 5जी दूरसंचार सेवा देश में शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाएगी : प्रधानमंत्री मोदी

**■अडालज (गुजरात)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हाल ही में शुरू की गई 5जी दूरसंचार सेवा देश में शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाएगी क्योंकि नवीनतम प्रौद्योगिकी चीजों को"स्मार्ट सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं और स्मार्ट शिक्षौ से भी आगे पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) देश को अंग्रेजी भाषा से जुड़ी "गुलाम मानसिकतौ से बाहर निकालेगी।

प्रधानमंत्री ने गांधीनगर जिले के अडलाज शहर में गुजरात सरकार के मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहल की शुरुआत करने के बाद यह बात कही।उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजी के ज्ञान को बौद्धिक होने की निशानी के रूप में माना जाता था, जबकि अंग्रेजी भाषा केवल संवाद का माध्यम है। मोदी ने कहा कि मिशन नई कक्षाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना और राज्य में स्कूलों के बुनियादी ढांचे के समग्र उन्नयन के माध्यम से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 5जी सेवा स्मार्ट सुविधाओं, स्मार्ट क्लासरूम और स्मार्ट शिक्षण से आगे जाएगी। यह हमारी शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर पर ले जाएगी।



छात्र अब 5जी सेवा की मदद से अपने स्कूलों में वर्चुअल रीअलिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का अनुभव कर सकते हैं। मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय भाषाओं के उपयोग की वकालत की कि अंग्रेजी में असहज लोग पीछे न रहें।

## जरा हट के... बग्गा




## पलानीस्वामी, अन्नाद्रमुक सदस्यों ने किया विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी ■ चेन्नई**

तमिलनाडु में विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की बुधवार को उस समय विरोधाभासी तस्वीर देखने को मिली, जब पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम ने विधानसभा सत्र में हिस्सा लिया, जबकि नेता प्रतिपक्ष के. पलानीस्वामी ने इस मांग को लेकर यहां विरोध प्रदर्शन किया कि विधानसभा अध्यक्ष को पार्टी के सदन के उप नेता के तौर पर पनीरसेल्वम की मान्यता खत्म कर देनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने तीन दिवसीय विधानसभा सत्र के अंतिम दिन का बुधवार को बहिष्कार किया। पार्टी की मांग है कि विधानसभा अध्यक्ष पार्टी से निकाले जा चुके पनीरसेल्वम की जगह आर.बी. उदयकुमार को सदन का उप नेता स्वीकार करें। काली कमीज और सफेद धोती पहने अन्नाद्रमुक के सदस्य बड़ी संख्या में यहां के ऐतिहासिक वल्लुवर कोट्टम में एकत्र हुए और उन्होंने प्रदर्शन किया। उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की निंदा करते हुए नारेबाजी की।

## दिल्ली की महिला से गाजियाबाद में सामूहिक दुष्कर्म, अस्पताल में भर्ती : पुलिस

**■ नई दिल्ली**

गाजियाबाद में संपत्ति विवाद के चलते पांच लोगों ने 36 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जीटीबी में भर्ती महिला की हालत स्थिर है और किसी तरह की अंदरूनी चोट के बारे में पता नहीं चला है।दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने मामले के संबंध में



गाजियाबाद पुलिस को नोटिस जारी किया।आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने नोटिस में कहा कि इस प्रकरण ने उन्हें निर्भया मामले की याद दिला दी।आयोग ने कहा, दिल्ली की रहने वाली महिला जूट के बोरे में लिपटी हुई मिली, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। उसके निजी अंगों में लोहे की छड़ डाली गई। गाजियाबाद के पुलिस अधीक्षक (शहर-1) निपुण अग्रवाल के मुताबिक, नंदग्राम थाने के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर 18 अक्टूबर को रात करीब साढ़े तीन बजे कॉल आई, जिसमें कहा गया कि एक महिला आश्रम रोड पर पड़ी है। उन्होंने कहा कि पुलिस उसे पास के अस्पताल ले गई, लेकिन उसने कहा कि उसे दिल्ली के किसी अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

## आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिएः संरा प्रमुख

**एजेंसी ■ मुंबई**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए और किसी भी तरह के आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। मुंबई में ताज महल पैलेस होटल में 26।11 के आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए गुतारेस ने कहा कि लोगों को एकसाथ रहने के लिए संस्कृतियों की विविधता और समृद्धि को समझना होगा।

उन्होंने कहा, आतंकवाद से लड़ना हर देश की वैश्विक प्राथमिकता होनी चाहिए। आतंकवाद पूरी तरह एक बुराई है और आज की दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। कोई वजह और कोई वाकया आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकते।

उन्होंने कहा, महासचिव बनने के बाद मेरा पहला काम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग, मार्गदर्शन और देशों को तैयार करने के लिए आतंकवाद निरोधक कार्यालय स्थापित करना था।

गुतारेस ने कहा, यह कार्यालय हिंसक उग्रवाद की जड़ों के खिलाफ लड़ रहा है। धर्म हो, जातीयता हो या आस्था, कुछ भी हिंसक उग्रवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। 26।11 के आतंकी हमलों को इतिहास में आतंकवाद का सबसे बर्बर कृत्य बताते हुए गुतारेस ने कहा कि हमलों में मारे गए 166 लोग हमारी दुनिया के नायक हैं।




भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए गुतारेस के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी थे। गुतारेस ने होटल में 26।11 हमलों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किया।

ताजमहल पैलेस होटल उन स्थानों में से एक था, जिन्हें 26 नवंबर 2008 को हुए भयानक आतंकवादी हमलों के दौरान निशाना बनाया गया था। जनवरी में दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने इससे पहले अपने पिछले कार्यकाल के दौरान अक्टूबर 2018 में देश का दौरा किया था।

**त्वरित टिप्पणी** कई किताबों के लेखक, संयुक्त राष्ट्र में पूर्व राजनयिक थरूर के सोशल मीडिया पर 83 लाख से अधिक फॉलोअर हैं

## चुनाव हारे, लेकिन बहुतों का दिल जीते शशि थरूर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनावी मुकाबले में शशि थरूर भले ही हार गए, लेकिन उन्होंने अपने चुनावी अभियान और प्रयासों से बहुत सारे लोगों का दिल जीत लिया। जीत और हार के संदर्भ में इस चुनाव का नतीजा वही रहा जिसकी पहले ही संभावना जताई जा रही थी। मल्लिकार्जुन खड़गे जीते और 7897 वोट हासिल किए। थरूर चुनाव हारे, लेकिन।,072 वोट हासिल कर बहुत सारे लोगों को चौंका दिया। कई किताबों के लेखक, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक और 83 लाख से अधिक फॉलोअर के साथ सोशल मीडिया की सबसे लोकप्रिय हस्तियों में शुमार थरूर ने वास्तव में यह साबित किया है कि वह किसी क्वॉकरवोज़र (कठपुतली के लिए प्रयुक्त



राजनीतिक शब्दावली) के बिल्कुल विपरीत हैं और स्वतंत्र सोच वाले एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपनी शर्तों पर चलता है।

मौजूदा समय में 66 वर्षीय थरूर कांग्रेस में एक बागी नेता के रूप में देखे जाते हैं। वह 2020 में पार्टी संगठन में बड़े पैमाने पर सुधार की मांग को लेकर सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले जी-23 समूह के नेताओं में शामिल रहे। थरूर ने पिछले दिनों पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा था, कांग्रेस सब कुछ ठीक करने में जितना ज्यादा समय लेगी, हमारे पारंपरिक वोट बैंक के लगातार खिसकने और उसके हमारे राजनीतिक प्रतिस्पर्धियों की ओर आकर्षित होने का जोखिम उतना ही अधिक रहेगा। यही कारण है कि मैं लंबे समय से पार्टी के भीतर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने का मुखर समर्थक रहा हूं, जिसमें अध्यक्ष पद का चुनाव भी शामिल है। थरूर के पेशेवर सफर पर करीबी नजर रखने वाले लोग दो बात कहते हैं-वह अप्रत्याशित कदम उठाने से नहीं हिचकिचाते और अपने समक्ष मौजूद बाधाओं से विचलित हुए बिना लड़ाई लड़ने को तैयार रहते हैं। वर्ष 1956 में लंदन में जन्मे थरूर ने दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया था। वह सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने अमेरिका के मेडफोर्ड स्थित फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद 1978 में वहां से पीएचडी की डिग्री हासिल की।थरूर ने राजनीतिक रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र में एक सफल राजनयिक के रूप में पहचान बनाई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शीत युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई और महासचिव के वरिष्ठ सलाहकार के अलावा संचार और सार्वजनिक सूचना के लिए अवर-महासचिव के रूप सेवाएं दीं।

## राजस्थान : इस बार बिना पशु मेले के भरेगा पुष्कर मेला

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के प्रसिद्ध पुष्कर मेले में इस साल मवेशियों में गांठदार चर्म रोग, लंपी के चलते पशु मेला नहीं होगा। हजारों पर्यटकों को आकर्षित करने वाला मेला इस बार पशु मेले के बिना ही भरेगा।

राजधानी जयपुर से लगभग 150 किलोमीटर दूर पुष्कर शहर में कार्तिक के पवित्र महीने में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस जीवंत मेले का मुख्य आकर्षण मवेशियों का व्यापार ही रहता आया है। एक अधिकारी ने बताया कि पशुओं में लंपी रोग के चलते राज्य सरकार ने इस साल पशु मेला नहीं लगाने का फैसला किया है।

## क्या शी जिनपिंग निरंकुश हो रहे हैं

ऐसे हालात में जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं, भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक होना चाहिए। वे अब पिछले कई दशकों के सबसे शक्तिशाली चीनी नेता बनने वाले हैं। बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस में शी जिनपिंग संकेत दे चुके हैं कि उनके अगले कार्यकाल में सैन्य आधुनिकीकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वर्ष 2027 में अपनी स्थापना की शताब्दी मनाने जा रही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को आधुनिक हथियारों व नई तकनीकों से लैस किया जायेगा। यानी सैन्य संगठन के वैश्विक मानकों के अनुरूप सेना का कायाकल्प करके दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जायेगा। हालांकि, चीन का अपने तमाम पड़ोसियों से सीमा विवाद व टकराव रहा है लेकिन ताइवान व भारत उसकी प्राथमिकता में रहे हैं। हालांकि, कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस में शी ने भारत को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया है, लेकिन वर्ष 2020 में चीनी सेना से भारतीय सेना के गलवान घाटी में हुए संघर्ष के वीडियो क्लिप की स्क्रीनिंग सम्मेलन के दौरान करना चीन के मंसूबों को उजागर कर ही देता है। जो अपरोक्ष रूप से भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कुत्सित चाल ही है। बहरहाल, पीएलए के तेज आधुनिकीकरण की कोशिशों को देखते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के लिये युद्ध की तैयारियों को ऊंचे स्तर तक ले जाने की जरूरत होगी। चीन के साम्राज्यवादी मंसूबों को देखते हुए नये सीडीएस की देखरेख में सेना के तीनों अंगों में बेहतर तालमेल स्थापित करके किसी भी चुनौती से निबटने के लिये तैयार रहना होगा। यह इसलिये भी जरूरी है कि सरकार, सेना व पार्टी पर पकड़ रखने वाले शी आने वाले दिनों में निरंकुश व्यवहार प्रदर्शित कर सकते हैं क्योंकि देश की जनता को उग्र राष्ट्रवाद लुभाता है।

**ऐसे हालात में जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं, भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक होना चाहिए। वे अब पिछले कई दशकों के सबसे शक्तिशाली चीनी नेता बनने वाले हैं। बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस में शी जिनपिंग संकेत दे चुके हैं कि उनके अगले कार्यकाल में सैन्य आधुनिकीकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी।**

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## आनन्दसेवन

*य इद्ध आविवासति सुम्नमिन्द्रस्य मर्त्यः।*
*द्युम्नाय सुतरा अपः।* *ऋ 6.6.011, सा 1150*

यह हो नहीं सकता कि भोजन करे मोहन, और पेट भर जाए सोहन का। न ही यह सम्भव है कि लक्ष्मी देवी पानी पिए, औ प्यास बुझ मनोरमा देवी की। यह कैसे हो सकता है कि भोजन कराया जाए शरीर को, और आनन्द प्राप्त हो जाए आत्मा को। यह हो नहीं सकता कि शरीर के सुखोपभोगों में आत्मसाधना को भुलाया जाए, और फिर भी आत्मा आनन्द का सेवन कर सके। शरीर और आत्मा, दो पृथक् पृथक् सत्ताएं हैं। शरीर गृह है, आत्मा गृही है। शरीर देह है, आत्मा देही है। जिस्म मकान है, आत्मा मकीन है। शरीर को सजाने और खिला-पिलाकर स्वस्थ, सुन्दर रखने से आत्मा को कर्मसाधना में सुविधा होती है किन्तु आनन्द की प्राप्ति तो आत्मासाधना द्वारा ही होगी। जो मनुष्य केवल शारीरिक व्यासंगों में व्यस्त रहता है वह कदापि आत्मानन्द प्राप्त नहीं कर सकता । आनन्द की प्राप्ति तो उसी मनुष्य को होती है जो शरीरसाधना के साथ साथ आत्मासाधना भी करता है। ब्रह्म का ध्यान, आत्माचिन्तन, आत्मनिरीक्षण, स्वाध्याय, सत्संग और कर्तवया-नुष्ठान ये ही वे सुतर कर्म और सुतारक आतमासाधनाएं हैं जिनके सम्पादन से आत्मा को आनन्द की प्राप्ति होती है। आनन्द चाहते हैं तो अपने के शुभ्र प्रकाश में सुतर कर्मों का सम्पादन और सुतर साधों की साधना कीजिए। जीवन की आत्मिक शैली में ही आनन्द है, भोगात्मक शैली में नहीं ।

**आज का विचार** –डॉ. विनोद दीक्षित

## विवेक प्रभु कृपा से मिलता है

मनुष्य को यह स्वीकार करना चाहिए कि उसमें जो विवेक शक्ति है वह किसी कर्मफल का परिणाम नहीं है यह तो उस ईश्वर की देन है जो बिना किसी कारण अपने मधुर स्वभाव से प्रेरित होकर सब पर कृपा करता रहता है। ईश्वर प्राणी मात्र का सुहृद है। शरीर, इंद्रिय, संपत्ति आदि को कर्मफल माना जा सकता है किंतु विवेक किसी क्रिया द्वारा उत्पन्न होने वाला नहीं है, यह तो मनुष्य को प्रभु की कृपा से मिलता है।
आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो।
जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

## चुनाव ही अकेला रास्ता

आर्थिक संकट से लगातार घिरते जा रहे पाकिस्तान में अब बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल की संभावना बनती जा रही है। पहले ही लगातार राजनीतिक चुनौतियां पेश करते आ रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तुरंत नए चुनाव की मांग पर जोर डालने के लिए इस्लामाबाद तक कूच आयोजित करने का इरादा जता दिया है। उनका मनोबल रविवार को हुए उप चुनावों में भारी कामयाबी से बढ़ा है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) आठ में छह संसदीय सीटों पर जीती। सभी विजयी सीटों पर इमरान खान ही उम्मीदवार थे। संसदीय सीटों के अलावा पीटीआई ने पंजाब में प्रांत में दो सीटों के उपचुनाव में भी कामयाबी हासिल की। इन नतीजों से देश में इमरान खान की ऊंची लोकप्रियता की फिर पुष्टि हुई है। चुनाव नतीजों का एलान होते ही इमरान खान ने घोषणा कर दी कि वे नेशनल असेंबली की सदस्यता की शपथ नहीं लेंगे। संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर पीटीआई की सरकार पिछले अप्रैल में गिर गई थी। तब से पीटीआई नए आम चुनाव की मांग कर रही है। लेकिन सत्ताधारी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने फिर नए चुनाव की मांग को ठुकरा दिया है। **सुशील, दिल्ली।**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# भूख-बेरोजगारी का समाधान हो प्राथमिकता

**हमारी सहज बुद्धि तो यही कहती है कि रुपये की कीमत घटे या डॉलर की बढ़े मतलब एक ही है। यह सही है कि दुनिया के अन्य कई देशों की मुद्रा में भी गिरावट आयी है, पर इससे यह तथ्य तो बदल नहीं जाता कि वर्ष 2014 में हमें एक डॉलर की वस्तु खरीदने के लिए लगभग चालीस रुपये खर्च करने पड़ते थे, अब बयासी रुपये से अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं!**



**विश्वनाथ सचदेव**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

गांव के एक अखाड़े में कुश्ती हो रही थी। एक दर्शक ने एक पहलवान की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'वह पहलवान दूसरे पर भारी पड़ रहा है।' यह सुनकर उसका साथी बोला, 'नहीं वह दूसरे वाला पहले से हल्का है।' सामान्य बुद्धि तो यही बताती है कि दोनों ही बातों का अर्थ एक ही है, पर जानकार होने का दावा करने वाले अवश्य किसी न किसी तरीके से हल्का-भारी के इस खेल को अपने हित में, अपनी तरह से परिभाषित कर सकते हैं। हाल ही में डॉलर और रुपये के संदर्भ में हमारी वित्तमंत्री द्वारा दिया गया एक बयान ऐसा ही कुछ संकेत दे रहा है। न्यूयार्क में दिये गये इस बयान में उन्होंने कहा है कि वे स्थिति को इस रूप में देखती हैं कि रुपये की कीमत नहीं घटी, डॉलर की स्थिति मज़बूत हुई है। हमारी सहज बुद्धि तो यही कहती है कि रुपये की कीमत घटे या डॉलर की बढ़े मतलब एक ही है। यह सही है कि दुनिया के अन्य कई देशों की मुद्रा में भी गिरावट आयी है, पर इससे यह तथ्य तो बदल नहीं जाता कि वर्ष 2014 में हमें एक डॉलर की वस्तु खरीदने के लिए लगभग चालीस रुपये खर्च करने पड़ते थे, अब बयासी रुपये से अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं!

हो सकता है अर्थशास्त्रीय संदर्भों में डॉलर और रुपये की कीमतों के अंतर का कोई और मतलब होता हो, पर विशेषज्ञों के उस तरह के बयान आम जनता को तो भ्रमित करते ही हैं।

भ्रमित होने या भ्रमित करने का यह खेल हमारे राजनेता अक्सर खेलते रहते हैं। ऐसे ही एक खेल का उदाहरण वैश्विक भूख सूचकांक को लेकर भी फैलाया जा रहा है। हाल ही में जारी हुए एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के बयान में इस बात पर चिंता प्रकट की गयी है कि वैश्विक भूख सूचकांक की तालिका में भारत की स्थिति पिछले साल से कुछ और बुरी हो गयी है। 121 देशों की इस सूची में अब भारत का स्थान 107वां है, जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2021 में 116 देशों में भारत का स्थान 101वां था।

वैश्विक भूख सूचकांक दुनिया में भूख का स्तर नापने का एक पैमाना है, और इसके अनुसार भूख के संदर्भ में भारत की स्थिति पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका आदि पड़ोसी देशों से भी बुरी है। सिर्फ अफगानिस्तान ही इस सूची में हमसे नीचे है। होना तो यह चाहिए था कि यह सूची हमारे नेताओं को स्थिति की गंभीरता के प्रति सावधान करती और वे इस आशय के बयान देते कि स्थिति को सुधारने के लिए वे क्या करने जा रहे हैं, पर हमारे नेतागण तो सूची जारी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन की नीयत पर ही शंका कर रहे हैं! उन्हें लग रहा है कि कुछ विदेशी एजेंसियां जान-बूझकर भारत को बदनाम करना चाहती हैं! पिछले साल भी भारत ने इस सूची पर असंतोष प्रकट किया था।



इस संगठन ने भूख का सूचकांक तय करने के चार मानक तय किये हैं, इन चार में से तीन का संबंध सीधे भूख से न होकर पांच साल तक के बच्चों के कुपोषण से है। भारत इसी आधार पर इस वैश्विक सूचकांक को भ्रमित करने वाला बता रहा है।

बहरहाल, आंकड़ों और नीयत पर संदेह करने के बजाय होना यह चाहिए कि हम स्थिति को समझने की कोशिश करें और उसे बेहतर बनाने के तरीके खोजें। यह सही है कि आज हमारे देश में खाद्यान्न की कमी नहीं है, और अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अतिरिक्त अनाज देकर भूख के खिलाफ संघर्ष किया जा रहा है। लेकिन हमारे देश में रोज़गार और महंगाई की स्थिति सरकारी प्रयासों के बौनेपन को ही दर्शा रही है। इस दिशा में जितना और जो कुछ होना चाहिए, वह हो नहीं पा रहा। बेरोज़गारी का आलम यह है कि सारे दावों और वादों के बावजूद शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में लोग रोज़ी-रोटी की तलाश में भटकते फिर रहे हैं। विश्व बैंक के पूर्व अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने कुछ अर्सा पूर्व कहा था कि हमारे देश में हर चार में से एक युवा बेरोज़गार है अर्थात? 25 प्रतिशत बेरोज़गारी। उन सभी देशों में, जिनसे भारत अपनी तुलना करना चाहता है, अर्थात बेहतर स्थिति वाले देश, यह दर 15 प्रतिशत से कम ही है। यह स्थिति तो युवाओं की ही है, अधिक उम्र वाले भी बेरोज़गारी की मार झेल रहे हैं। हाल ही में एक खबर मीडिया में काफी उछली थी कि एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भारतीय खिलाड़ी के सम्मान में उसके गांव तक बनवायी जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य में उसी खिलाड़ी के मां-बाप मज़दूरी करते पाये गये थे!

यह सही है कि दुनिया भर में बेरोज़गारी एक चुनौती बनी हुई है, पर इसे नज़रअंदाज़ करने का मतलब समस्या से छुटकारा पाना तो नहीं हो सकता। बेरोज़गारी, गरीबी, महंगाई और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब समस्याओं के अस्तित्व को स्वीकारा जाये। इन समस्याओं की ओर इशारा करने वालों की नीयत पर ही शक करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।

बेरोज़गारी, महंगाई, स्वास्थ्य और गरीबी आज हमारी सबसे बड़ी समस्याएं हैं। इनकी उपेक्षा करने का मतलब स्वयं अपनी उपेक्षा करना है। आज जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, वह खतरनाक स्थिति है। महंगाई और बेरोज़गारी मिलकर देश के सामाजिक ताने-बाने को भी कमज़ोर बना रही हैं। यह स्थिति सुधरनी ही चाहिए। जैसे कचरा दरी के नीचे डाल देने से वह साफ नहीं हो जाता, वैसे ही इन समस्याओं की अनदेखी भी समस्या की गंभीरता को बढ़ाने वाली ही है।

इन समस्याओं से जूझना तो हमारी एक समस्या है ही, समस्या यह भी है कि हम इनके अस्तित्व से ही इंकार करने लगते हैं। अस्सी करोड़ लोगों को कोविड के दौरान मुफ्त अनाज देना एक ज़रूरी और अच्छी कार्रवाई थी, अब भी यह प्रक्रिया जारी रखना समझ में आता है। पर समस्या का निराकरण मुफ्त अनाज नहीं है, समस्या को जड़ से मिटाने की ज़रूरत है। क्यों गरीबी इतनी बढ़ी कि अस्सी करोड़ लोगों को रूखी-सूखी रोटी के लिए भी भिखारियों की तरह हाथ फैलाने पड़े? इस 'क्यों' का उत्तर तलाशने की आवश्यकता है, ऐसी स्थिति बनाने की आवश्यकता है, कि यह 'क्यों' बचे ही नहीं। यह तभी संभव है जब हम पहले इस स्थिति को समझना ज़रूरी समझें। स्पष्ट शब्दों में मानना पड़ेगा कि बेरोज़गारी और महंगाई हमारी समस्याएं हैं। रुपये की कीमत नहीं घटी, डॉलर का मूल्य बढ़ा है, यह कहने-मानने से बात नहीं बनेगी। चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, इसका मतलब और परिणाम एक ही होता है। कटता खरबूजा ही है। आज देश में जैसी स्थितियां बन रही हैं, उनमें देश का आम नागरिक पिस रहा है। उसकी समस्या को ओछी राजनीति से ऊपर उठकर देखने की आवश्यकता है। तभी वास्तविकता दिखेगी, तभी वास्तविकता बदलेगी।

### किसने क्या कहा...



"देश में बने उपकरण खरीदने का रक्षा बलों का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की क्षमता को दर्शाता है : मोदी



कांग्रेस के नए अध्यक्ष मेरी भूमिका तय करेंगे : राहुल गांधी


मानवाधिकारों के सम्मान से भारत की बात का वजन बढ़ सकता है : गुतारेस





पंचायत प्रतिनिधि गांव के विकास की चाभी हैं : कपिल मोरेश्वर पाटिल"

### कार्टून...




## सरकार व संस्थाओं की भागीदारी से ही समाधान

**बाल कुपोषण**

**मधुरेन्द्र सिन्हा**

कोविड महामारी के दौरान बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। करोड़ों बच्चों को पोलियो की खुराक और अन्य दवाएं नहीं मिल पाईं। सबसे बुरी बात तो यह रही कि लाखों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की गंभीर समस्या खड़ी हुई है और इसका समाधान करना जरूरी हो गया है। सही पोषण के अभाव में बच्चों का विकास थमने लगा है और उनके भविष्य के लिए चिंताएं व्यक्त की जाने लगी हैं। बच्चों के विकास और उनकी मृत्यु दर पर अंकुश लगाने की बात ही नहीं शुरू हुई है बल्कि काम भी हो रहा है। भारत के कई राज्यों में इस पर सरकारों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने काम करना शुरू कर दिया है।

आदिवासी इलाकों में पोषण की समस्या उतनी ही है जितनी अन्य क्षेत्रों में है। लेकिन वहां वे सभी प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं जो पोषण के लिए जरूरी हैं। इनका सही समय पर सही इस्तेमाल उन बच्चों को पोषण दिलाने में बहुत मददगार साबित हो रहा है। बच्चों और महिलाओं के लिए काम करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ ने इस दिशा में लगभग सभी राज्यों में पहल की है और उसके अच्छे परिणाम नज़र आ रहे हैं। गुजरात के 33 जिलों में से 14 आदिवासी जिले हैं जहां यह काम सबका ध्यान खींच चल रहा है। इसे पूर्णा योजना का नाम दिया गया है। पूरे देश में अपनी तरह की यह एक अनूठी योजना है, जिसमें बच्चों के पोषण और किशोरावस्था की लड़कियों के स्वास्थ्य पर काम चल रहा है। जहां बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषक खुराक दे रही हैं और उनकी मांओं को इस बारे में शिक्षित कर रही हैं क्योंकि पोषण के सभी तत्व वहां के खेतों में ही मौजूद हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इसके लिए वहां उग रही साग-सब्जी का सहारा ले रही हैं। आदिवासी इलाकों की हर आंगनवाड़ी के किचन गार्डन में ऐसी सब्जियां उगाई जा रही हैं जिनमें पोषण बहुत है, मसलन पत्ता गोभी, अरबी, भिंडी, करेले और जमीन में उगने वाले कुछ कंद। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर उगने वाली दालों के उपयोग पर यहां काफी ज़ोर दिया जाता है। आदिवासी इलाकों में कई तरह की दालें उगती हैं। आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता महिलाओं को उन्हें सही ढंग से बनाने की शिक्षा खुद बनाकर देती हैं। साथ ही वे दाल में तरह-तरह की सब्जियों के पत्ते डालकर तैयार करने को कहती हैं। इनमें



सहजन के पत्ते सबसे महत्वपूर्ण हैं जिन्हें अंग्रेजी में मोरिंगा कहते हैं। उसे अब दुनिया भर में सुपरफूड माना जाता है लेकिन आदिवासी इलाकों में यह सदियों से इस्तेमाल हो रहा था।गुजरात में सरकार तथा सहकारी संस्था अमूल की ओर से ऐसे खाद्य पदार्थों के पैकेट बनाये जा रहे हैं जिनमें न केवल सूखा दूध है बल्कि चने का आटा, मकई का आटा, सोया वगैरह जैसे कई और तरह के पौष्टिक तत्व भी हैं। सभी आंगनवाड़ियों में सोमवार से शनिवार तक ये बच्चों को पानी में डालकर उबालकर पिलाये जाते हैं। बढ़ती उम्र के बच्चों को यह खुराक काफी मददगार साबित हो रही है। इसका नाम है पूर्ण शक्ति और इसे मुफ्त बांटा जा रहा है।

किशोरियों को भोजन में आयरन देने की परंपरा विकसित की गई है। उन किशोरियों को बताया जाता है कि कैसे पोषण खेतों से ही प्राप्त किया जा सकता है। यहां पैदा होने वाले खाटी भिंडी के पत्ते विटामिन-सी के बहुत बड़े स्रोत हैं। कार्यकर्ता बताती हैं कि कैसे इन पत्तों को आयरन वाले तत्वों के साथ मिलाकर खाने से हेमोग्लोबिन बढ़ता है। यहां के जंगलों में शरीफा बहुलता से मिलता है जो पोषण का बड़ा स्रोत है, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों को इस बारे में जागरूक कर दिया है।

गुजरात के 82 आदिवासी ब्लॉक में केन्द्र बनाने के पीछे एक मकसद यह भी है कि पोषण सुधा कार्यक्रम के तहत पोषण सामग्री लाभार्थी सामने बैठकर खाये।इसके अलावा गर्भवती माताओं और वो माताएं जो शिशुओं को दूध पिलाती हैं उनके लिए मातृशक्ति स्कीम है। इसके तहत उन्हें एक-एक किलो के चार पैकेट दिये जाते हैं जिनमें दालें और डबल फोर्टिफाइड मूंगफली तेल भी होता है। इन्हें गेहूं की बजाय ज्वार, बाजरा वगैरह खाने को प्रोत्साहित किया जाता है। आंगनवाड़ियों में एक और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलता है और वह है सासू मां के लिए जिनकी परिवार चलाने में भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्हें बहू के खान-पान के बारे में वैज्ञानिक तरीके से समझाया जाता है ताकि वे पूर्वाग्रहों से निकलें।आंगनवाड़ी केन्द्रों को यहां नंदगढ़ कहते हैं। कई केन्द्रों में दूध संजीवनी का कार्यक्रम भी चलता है जिसमें फोर्टिफाइड दूध वितरित किया जाता है। छह महीने से अधिक उम्र के बच्चों को यह दूध उनकी छह वर्ष की आयु तक पिलाया जाता है।

### उपदेश

ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की श्रेष्ठता की परख करने का काम भृगु ऋषि को सौंपा गया। उनसे ऋषियों ने कहा, 'आप पता लगाएं कि इन तीनों में श्रेष्ठ कौन है?' भृगु ऋषि सबसे पहले ब्रह्मलोक पहुंचे और ब्रह्माजी के पास जाकर बैठ गए। ब्रह्माजी को ये बिल्कुल अच्छा नहीं लगा कि कोई एकदम उनके पास आकर बैठे। भृगु ऋषि पर उन्हें गुस्सा आया, लेकिन वे कुछ बोले नहीं। भृगु ऋषि ब्रह्माजी के हाव-भाव देखकर समझ गए कि इन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। ब्रह्मलोक के बाद भृगु शिवलोक पहुंचे। वहां जैसे ही शिवजी ने भृगु ऋषि को देखा तो वे खुद उठकर उनके पास पहुंचे और उन्हें गले लगाने की कोशिश की, लेकिन ऋषि ने ऐसा करने से मना कर दिया और पीछे हट गए। भृगु शिवजी से बोले, 'आपने चिता की भस्म लगा रखी है, मैं उसे स्पर्श नहीं कर सकता।' ये सुनते ही शिवजी को क्रोध आ गया, उन्होंने त्रिशूल उठा लिया। उस समय देवी पार्वती ने शिवजी को शांत किया। भृगु ऋषि समझ गए कि यहां तो प्रतिक्रिया ब्रह्माजी से भी ज्यादा आक्रामक है। इसके बाद वे विष्णुलोक पहुंचे। विष्णुजी विश्राम कर रहे थे। भृगु ऋषि भगवान के पास पहुंचे और एक पैर विष्णुजी की छाती पर मार दिया, लेकिन विष्णुजी क्रोधित नहीं हुए। वे तुरंत उठे और ऋषि के पैर पकड़ कर बोले, 'मेरी छाती पर अनेक शत्रुओं ने प्रहार किए हैं। सभी के प्रहारों को सह-सहकर मेरी छाती बहुत कठोर हो गई है। आपके चरण कोमल हैं, इस वजह से आपको कहीं चोट तो नहीं लगी?' भृगु ऋषि सभी ऋषियों के पास लौट आए और सभी से कहा, 'मेरी नजर में सबसे श्रेष्ठ विष्णुजी हैं और इसीलिए पालन का काम वे कर रहे हैं।'

*वहां जैसे ही शिवजी ने भृगु ऋषि को देखा तो वे खुद उठकर उनके पास पहुंचे और उन्हें गले लगाने की कोशिश की, लेकिन ऋषि ने ऐसा करने से मना कर दिया और पीछे हट गए। भृगु शिवजी से बोले, 'आपने चिता की भस्म लगा रखी है, मैं उसे स्पर्श नहीं कर सकता।' ये सुनते ही शिवजी को क्रोध आ गया, उन्होंने त्रिशूल उठा लिया।*

## 6 वारण्टी आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमर ख़्याल ,राहुल कुमार**

**रामपुर।** बुधवार को थाना शाहबाद, पुलिस द्वारा 06 वारण्टी अभियुक्तगण 1. शाहिद उर्फ गाजर पुत्र राहत मियां निवासी मौहल्ला मस्जिद काजी कस्वा व थाना शाहबाद रामपुर 2. सोमपाल पुत्र गुलाबी 3.फिरासत पुत्र आबिद 4.परशुराम पुत्र झांझन 5.सुक्खा पुत्र गुलाबी 6.देवी पुत्र रामपाल सम्बन्धित समस्त निवासीगण मौहल्ला खट्टपुर कस्वा व थाना शाहबाद रामपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी

## तेज रफ्तार का कहर मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों की हालत गंभीर



**अमर ख्याल**

**पीलीभीत।** कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम जनकापुर के पास बोलेरो चालक ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदा हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल सूचना मिलते ही मौके पर घुँघचिहाई चौकी पुलिस पहुंची गंभीर हालत में दोनों युवकों को एंबुलेंस से पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।खबर लिखने तक मिली जानकारी के अनुसार। पूरा मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी घुँघचिहाई क्षेत्र के ग्राम जनकापुर के धर्म कांटे के सामने की है जहां पर मोटरसाइकिल सवार दो लोग कसगंजा से घुँघचिहाई की तरफ आ रहे थे तभी बोलेरो कार ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंद दिया और वह मौके से फरार हो गया दोनों घायल लोग सड़क पर पड़े तड़पते रहे सूचना पर पहुँची घुँघचिहाई पुलिस और एंबुलेंस पहुंची दोनों घायल लोंगो को पुलिस द्वारा एंबुलेंस में रखवाया गया और पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## दिव्यांगों को वितरित की गई ट्राई साइकिल

**अमर ख्याल**

**बहराइच ।** नवाबगंज विकास खण्ड स्थित जूनियर हाईस्कूल बाबागंज में खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज के नेतृत्व में एक दिवसीय ट्राई साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि नानपारा विधायक श्री राम निवास वर्मा एवम्‌ विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज श्री जयप्रकाश सिंह जी रहे कार्यक्रम में सरकारी स्कूल में पढ़ रहे विकलांग बच्चों को ट्राई साइकिल दी गई इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान मो अनवर, प्रमुख प्रतिनिधि एस पी सिंह, राजेश सिंगर, दुर्गेश वर्मा, छेदा खां, मुन्नन सहित शिक्षक वा कर्मचारी मौजूद रहे

## तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर




**अमर ख्याल**

**सीतापुर ।** बिसवां से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने रेउसा थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद के पास कांतापुरवा के पास बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर जिससे दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए घायलों को अनन-फनन में रेउसा सीएससी ले जाया गया घायल बीरेंद्र पुत्र द्वारिका निवासी जालिमनगर सुकेठा,विद्यावती पत्नी रामचंद्र निवासी जालिमनगर सुकेठा जिनका इलाज रेउसा सीएससी में हो रहा है। बीरेंद्र पुत्र द्वारिका गंभीर हालत होने से रेउसा सीएससी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अनियन्त्रित ट्रक ने वहां पर खड़ी एक मोटरसाइकिल में भी टक्कर मारी हैं रेउसा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेटर आगे की कार्रवाई कर रही है रेउसा थानाध्यक्ष मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

संवाददाता पंकज मिश्रा

सीतापुर । तहसील महमूदाबाद फखरुद्दीन अली अहमद डिग्री कॉलेज महमूदाबाद में आज दिनांक 19 /10 /2022 को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सीमा सिंह के संरक्षण एवं रविंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम एवं डॉ जेबा खान कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय के दिशा निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अभियान में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा महमूदाबाद क्षेत्र में मोतीपुर चौराहा से मोतीपुर गांव के पास तक सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर उनका निस्तारण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा नामित विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर ममता पांडे की उपस्थिति में भारत सरकार के उक्त महत्वाकांक्षी अभियान चलाया गया। अभियान में प्रचार सीमा सिंह द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक निस्तारण में जानकारी दी गई। और उन्होंने कहा कि यह विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं। और हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं प्लास्टिक की थैलियां जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण



की प्रमुख वजह हैं। तत्पश्चात कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ममता पांडे द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर निस्तारित करने कि उक्त बृहद में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के लिए महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों को इसके लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया और प्रशंसा की गई। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव, डॉ राजश्री सक्सेना, विशाल वर्मा ने उपस्थित होकर स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया

# विकास भवन सभागार में किसान दिवस संपन्न



**अमर ख्याल ब्यूरो**

**गोण्डा।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गोंडा में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले माह सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई किसानों से संबंधित शिकायतों के संबंध में हुई कार्यवाही पर चर्चा की गई तथा किसानों द्वारा इस बैठक में किसानों से जुड़े अन्य मुद्दे एवं नई समस्याओं के विषय में सदन को अवगत कराया गया। मुख्य समस्याओं में मरचौर निवासी श्री अनिल मिश्रा ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग द्वारा आटा चक्की विद्युत चालित की फाइल बनवाई गई है जो बैंक नहीं कर रहा है। इस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा एलडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ग्राम ढोंगाही इटियाथोक निवासी श्री शुक्ला प्रसाद शुक्ला द्वारा सदन को अवगत कराया गया है कि बिना चार्ज के सचिव द्वारा उर्वरक उठानकर बेचकर समिति को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में प्राप्त पूंजी में अनियमितता की गई है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा सहायक निबंधक सहकारिता को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। श्री अनिल कुमार निवासी ग्राम शाहपुर सेमरा विकासखंड बिशुनपुर बैरिया द्वारा बेमौसम हुई बरसात में किसानों का धान के फसल के नुकसान की जांच करा कर उचित मुआवजा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया जिसके संबंध में कृषि विभाग एवं संबंधित बीमा कंपनी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कृषक प्रतिनिधियों का आवाहन किया है कि वे सिर्फ तथ्यपरक समस्याओं के विषय में सदन को अवगत कराएं जिससे उसका वास्तविक एवं यथोचित निस्तारण संभव हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी आवाहन किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो इसके लिए भी कृषक नेताओं को शालीनता पूर्वक शांतिपूर्ण ढंग से ही अपनी समस्याओं का निस्तारण करवाने का प्रयास करना चाहिए जिससे कि विभिन्न विभागों द्वारा पारस्परिक सामंजस्य से समस्या का यथोचित निस्तारण संभव हो सके। उप कृषि निदेशक महोदय ने सभी किसान प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा के उनके कार्यकाल की यह पहली बैठक है। अतः उन्हें आशा है

कि जनपद में कृषि संबंधी सभी प्रकार के समस्याओं को संबंधित विभागों और किसान भाइयों बहनों के सहयोग से निश्चित रूप से प्रभावी ढंग से निराकरण किया जा सकेगा। बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की गई।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्री प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी श्री जगदीश प्रसाद, उपनिदेशक (रेशम) श्री आर एन मल्ल, डिप्टी आरएमओ सुश्री प्रज्ञा मिश्रा, जिला गन्ना अधिकारी श्री ओ पी सिंह, अन्य सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय सहित कृषि विभाग से श्री आर पी एन सिंह, श्री सुमित तिवारी एवं किसान प्रतिनिधियों के रूप में श्री शिवराम उपाध्याय, श्री शुक्ला प्रसाद शुक्ला, श्री ओम प्रकाश पांडे, श्री वंशराज वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### विकास भवन परिसर में लगेगा दीपावली मेला

बाराबंकी। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए उत्पादों की बिक्री के लिए विकास भवन में गुरुवार को दीपावली मेला लगाया जाएगा। मेले का शुभारंभ सीडीओ एकता सिंह करेंगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सीडीओ ने पहल कर दी है। इस दीपावली में महिलाओं के घर खुशियां आएं और वह खुद सशक्त बन सकें। मेले में दीवाली से संबंधित सभी सामान उचित मूल्यों पर मिलेंगे। विकास भवन के पार्क में दीपावली मेला का शुभारंभ गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे से होगा। इस मेला में 20 महिलाओं के स्टाल लगेंगे। दीपक, सजावटी सामान, मोमबत्ती, झालर आदि की दुकानें लगाई जाएंगी।

## बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

अमर ख्याल , राजन शर्मा

शिवगढ़ ( रायबरेली ) थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक बाइक से अपने घर भेटौरा जा रहें थे तभी अचानक रानी खेड़ा गुमावा के पास मोटरसाइकिल फिसल जाने कारण घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 108 ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शाम



पांच बजे श्याम सिंह पुत्र सुभाष सिंह मोटरसाइकिल से भेटौरा नैपुरा घाट थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी अपने घर जा रहें थे। तभी अचानक थाना के अंतर्गत रानी खेड़ा गुमावा के पास मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार श्याम सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 108 ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया वही युवक हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नयी दिशा द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आज भठही बाबू ग्राम सभा में


दिलीप कुमार भारती

कुशीनगर सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ काम कर रही नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा आज गुरुवार को कसया तहसील व हाटा विकास खंड के ग्राम सभा भठही बाबू पंचायत भवन पर अपराह्न 2 बजे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के शिक्षकों एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध जनों के सहयोग से टीबी मरीजों का सहयोगी बनकर उन्हें गोद लेगी और दवा चलने के दौरान 6 माह

टीबी मुक्त भारत

तक प्रति माह निर्धारित पोषण सामग्री जिसमें मूंगफली, सत्तू, गजक, भूना चना, गुड़, बोर्नविटा/ पावरविटा इत्यादि सम्मिलित है भेंट करती रहेगी। उक्त जानकारी संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र व कार्यक्रम संयोजक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने दी। आप दोनों ने बताया कि इस दौरान टीबी विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों सहित कुशीनगर जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के भी रहने की संभावना है

## किसान मोर्चा ने उठाई किसानों के हित की आवाज




**मो० वैश की**

**सीतापुर ।** तेज बारिश व बाढ़ से किसानों पर अचानक गाज आ गिरी है। तेज बाढ़ एवं बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है किसान भी कुदरत के मार से मरा जा रहा है जिस पर आज सीतापुर के किसान मोर्चा ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया है कि किसानों के नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की विविध कार्यवाही करें वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह को यह दिलासा दिया है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। इसी बीच गोला में उपचुनाव में जा रहे अल्पसंख्यक आयोग सदस्य माननीय सरदार परविंदर सिंह भी सीतापुर के जिला अधिकारी एवं एसपी से बैठक कर किसानों के हित की बात कही है। इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार परविंदर सिंह,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह,रवि तिवारी,तीरथ सिंह,अवतार सिंह,गुरदीप सिंह के साथ अन्य किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे

## दूसरी महिला के घर पर बुलाने का विरोध पर पति ने पीटा

बाराबंकी। सफदरगंज थाना के बरौली गांव में पति द्वारा गांव की एक महिला को घर पर बुलाए जाने का विरोध करने पर पति ने बेटे के साथ मिलकर पत्नी को पीट दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर सफदरगंज पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज किया है। सफदरगंज थाना बरौली गांव निवासी रूपरानी पत्नी ज्ञानचन्द्र ने बताया कि उसकी शादी लगभग 14 वर्ष पहले ज्ञानचन्द्र पुत्र फतेहबहादुर के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे आकाश, विकास व अंश हैं। बताया कि उसका पति ज्ञानचंद्र शराब का लती है।

## लोक सेवा हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वार्षिक उत्सव समारोह हुआ


अमर ख्याल सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) लोक सेवा हॉस्पिटल मे आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव समारोह ।महराजगंज हैदर गढ़ रोड पर स्थित लोक सेवा हॉस्पिटल अपने सामाजिक कार्यों के लिए क्षेत्र में जाना जाता है जब कहीं पर भी किसी गरीब व्यक्ति को इलाज की आवश्यकता होती है और उसके पास अगर पैसे की कमी है तो लोक सेवा हॉस्पिटल सबसे पहले आगे आता है।

लोक सेवा हॉस्पिटल ने 2 वर्ष पूर्ण होने पर आज हॉस्पिटल मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आये कुशल चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई । तनवीर हुसैन एमबीबीएस डॉक्टर हामिद खान एमबीबीएस विजय श्रीवास्तव बीएमसी डॉक्टर किफायत उल्ला एमबीबीएस डॉक्टर सिद्धांत द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई । हॉस्पिटल संचालक ने बताया कि जिन लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई है उन्हें 1 वर्ष तक निशुल्क दवाएं हॉस्पिटल की तरफ से दी जाएंगी इस मौके पर पाजिर हुसैन एस के यादव निशांत रावत आशीष रावत ओपी यादव राहुल रावत राहुल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।




## पीड़ित विकलांग को न्याय ना मिलने पर दर-दर भटकने पर हुआ मजबूर



**अमर ख्याल , संवाददाता महेंद्र कुमार**

**कौड़ियां( गोंडा )** जहां एक तरफ जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों व दबंगों तथा उपद्रवियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई कर एक मिसाल कायम कर रहे, वहीं दूसरी तरफ थाना कौड़िया में तैनात हल्का सिपाही द्वारा पीड़ित दीपू का फरियाद न सुनकर बल्कि उल्टा ही पीड़ित पर मुकदमा पंजीकृत करवाने हेतु दिखे तेजतर्रार। पीड़ित विकलांग दीपू ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले से अवगत कराया जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही ना कर बल्कि कौड़िया पुलिस द्वारा पीड़ित के विरुद्ध उल्टा ही मुकदमा पंजीकृत किया गया, पीड़ित दीपू ने हल्का सिपाही पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों के मिलीभगत से हमारे विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जिस पर विपक्षी दलों का हौसला बुलंद होने से दिन प्रतिदिन जान से मारने की धमकी देते हुए विवादित जमीन को जबरन कब्जा करने का कर रहे प्रयास। पीड़ित दीपू अपने न्याय के लिए उच्च अधिकारियों का दरवाजा खटखटाने पर हुआ मजबूर यह ताजा मामला थाना कौड़िया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पैड़ी बरा मजरा बड़े पुरवा का है,अब देखना है कि उच्च अधिकारियों द्वारा पीड़ित विकलांग की तहरीर पर विपक्षी दलों के विरुद्ध क्या एक्शन लेते हैं कि पीड़ित विकलांग को न्याय के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर करते हैं

## आरडीए करा रहा सरकारी भूमि पर अवैध प्लॉटिंग उस्मान

### भाकियू लोकशक्ति ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सचिव को सौंपा ज्ञापन



अमर ख़्याल , राहुल कुमार

रामपुर । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के बैनर तले किसान कलेक्ट्रेट रामपुर परिसर में एकत्रित हुए और रामपुर शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करने के बाद 3 सूत्रीय ज्ञापन रामपुर विकास प्राधिकरण सचिव अपर जिलाधिकारी हेम सिंह को सौंपा इससे पूर्व राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा रामपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राम ताशका में सैकड़ों हेक्टेयर कस्टोडियन भूमि पर भू माफियाओं ने अवैध कब्जा करके प्लानिंग कर दी है इतना ही नहीं घाटमपुर में प्लॉटिंग कारोबारी खुलेआम रामपुर विकास प्राधिकरण से लेआउट पास के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं ऐसा नहीं है कि विभाग इससे अनजान हो इसमें सब का हिस्सा है जबकि जहां पर यह प्लॉटिंग हो रही है वह क्षेत्र नदी का डूब क्षेत्र है वहां पर कोई भी भवन का निर्माण नहीं हो सकता उन्होंने चेतावनी दी अगर जल्दी ही लोगों के साथ ठगी बंद नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति रामपुर विकास प्राधिकरण के पुतले पूरे जिले में फूकेगी प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में लालाराम गंगवार विनोद कुमार साहिल पाशा रागिब खान अकिल खान मुशाहिद हुसैन उजमा आदि लोग मौजूद रहे

## आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण मनाए-क्षेत्राधिकारी ललिया



**अमर ख्याल अहमद रजा**

**ललिया बलरामपुर** में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह द्वारा जनपद में आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण मनाए जाने के क्रम में चौकी मथुरा बाजार परिसर में त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु सम्भ्रान्त व्यक्तियों/ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया।त्यौहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा कायम करने की कोशिश न की जाए। जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो पुलिस व प्रशासन को अवश्य अवगत कराए, पुलिस व प्रशासन आपके सम्पूर्ण सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। यदि कोई भी व्यक्ति अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस गोष्ठी में त्यौहार को शान्ति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु जागरुक किया गया। साथ ही बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों मे आमजमानस में बाढ़ पीडितों की हर संभव मदद करने की भी अपील की गई।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक ललिया संतोष कुमार तिवारी चौकी प्रभारी मथुरा बाजार क्रिसलय मिश्रा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह (शैलू)



**अमर ख्याल, अनीक अहमद**

**गैसड़ी(बलरामपुर)** बाढ़ राहत केंद्र नचौरा में निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बाढ ग्रस्त गांवों का दौरा कर प्रभावित गांवों में 800 बाढ पीड़ित परिवारों को राशन किट वितरित किया गया। नचौरा बाढ राहत कैंप पर बाढ ग्रस्त गांव कोडरी एवं चौकिया गांव के 800 बाढ पीड़ित परिवारों को दैनिक उपयोग होने वाले किट जिसमें 10किलो आटा,10किलो चावल,10किलो आलू,5 किलो लाई ,2 किलो दाल,2किलो चना ,1लीटर रिफाइंड तेल, भूजा,नमक, धनियाँ,हल्दी,मोमबत्ती, बिस्कुट, मिर्चा आदि दैनिक आवश्कता की 16 से अधिक घरेलू दैनिक उपयोग की वस्तुए बाटी शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बताया कि हर पीड़ित परिवारों को राशन किट उपलब्ध कराया जाएगा, किसानों इस दैवीय प्रकोप में सरकार उनके साथ खड़ी है । पीड़ितों तक पर सभी सहायता हर तरह के नुकसान का आकलन मुआयजा दिलाया जाएगा।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार पांडेय रवि मिश्रा,चंचल तिवारी,मदन लाल जायसवाल,लालमन यादव, सत्यम सिंह, अविनाश शाही, राकेश सैनी,मुकेश सिंह हरेंद्र दूबे समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हुआआयोजित



**अमर ख्याल , सोनी कुमारी**

**रायबरेली** । उत्तर प्रदेश कोलेजन के तत्वावधान में मिलान फाउंडेशन एवं द गर्ल नॉट ब्राइडस के सहयोग से विश्वास संस्थान ने सताँव विकासखंड के गाँव हिमाचलगंज के कम्पोजिट विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित किया प्रधानाध्यापक योगेश चंद्र ने कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाकर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं पढ़ेंगी बेटियाँ तभी बढ़ेंगी बेटियाँ यह चरितार्थ करना है लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाएं अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य है शिक्षक-अभिभावक बैठक को सशक्त कर इन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी इस मौके पर सामाजिक कुरीतियाँ जैसे दहेज, कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने ह्लएक वरदान है- बेटी एक शान हैह्व और छात्रा सुप्रिया ने ह्ललड़की एक पहचान है-लड़की घर की शान है, लड़कों से बराबरी क्यों करूँ- मेरी खुद की पहचान हैह्व जैसे गीतों को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर अध्यापिका श्रद्धा तिवारी, निशि मिश्रा, अध्यापक कमलेश यादव, आशा कार्यकर्ता मिथलेश, आँगनबड़ी कार्यकर्ता बबीता, कमलेश संस्था की प्रतिनिधि रेखा सिंह, सहयोगी नीता सिंह, गर्ल्स आइकन कंचन और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवंबर को



**मनोज त्रिपाठी**

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में 12 नवम्बर 2022 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित, बैंक के ऋण संबंधित वाद, विद्युत संबंधित वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा ' संतोष राय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वह अपने मुकदमों के तस्दीक अपने अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा लें जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी डॉक्टर लकी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद द्वारा प्रदान की गई।

## इंपैक्ट कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण का आयोजन

**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर**। भोट/ इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भोट थानाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान कॉलेज परिसर में अमरुद, जामुन, आंवला,गुटेल, आम गुल्हड़ आदि के पौधे रोपित किये गये क्वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोट थानाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कहा कि अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छा जीवनयापन करना चाहते हैं तो हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड को लेने के अलावा पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है।



जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्सर्जन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया जाता है तो यही आक्सीजन वह पैसे देकर खरीदता है जो हमें पेड़ों द्वारा मुफ्त में मिलती है कसाथ ही कॉलेज एमडी सरताज अहमद ने कहा कि वृक्षारोपण एक बहुत ही सराहनीय कार्य है देखा जाए तो वृक्षारोपण इतना महत्वपूर्ण हो गया है कि अगर आज लोगों ने इसकी महत्वता को नहीं समझा तो भविष्य में आने वाली पीढ़ी को बहुत ही भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है, इसीलिए हमें वृक्षारोपण में सहयोग देना चाहिए। साथ ही कहा की वृक्षों की अंधाधुन्द कटोती रोक लगाने तथा गांवों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फेलाने की आवश्यकता है इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन डॉक्टर सुलतान अहमद सैफी, प्राचार्य डा0 कोशल कुमार, मोहम्मद उस्मान सैफी , फहीम मालिक , निहालुद्दीन सैफी , सुशील कुमार, डा0 आशीष कुमार अग्रबाल ,लाखन सिंह,यास्मीन जेदी ,अनीस अहमद, मोहम्मद आरिफ, शिवम चंद्रा, विकास कोशल आदि मौजूद रहे

## कप्तान के निर्देशन में जनपद गोण्डा में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवस



अमर ख्याल ब्यूरो

कटरा बाजार(गोण्डा)पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवसह्यह्य पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में थाना कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध रोक थाम करने हेतु तत्काल प्रभाव टीम किया गठित ,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार पुलिस ने स्थित शिक्षण संस्थानों में साइबर अपराध का सेमीनार आयोजित कर साइबर अपराध से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया।साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडिट, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पर बसपा कार्यकताओं की बैठक हुई संपन्न



अमर ख्याल । राजेश कुमार


मथुरा। बसपा पार्टी इस समय चुनावों के लिए पूर्ण रूप से तैयार देखी जा रही है वहीं अब बात करें तो हरियाणा के सिरसा में आगामी में होने वाले चुनाव जिला परिषद व ब्लाक समिति के मेंबर कैंडिडेट घोषित किए गए व पार्टी की तरफ से फॉर्म दिए गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला जॉन नंबर 3 से रामधन? बौद्ध, 6 से रमेश मेहरा, 9 से ममता पत्नी सुनील सोलंकी, 10 से राजपाल तालानिया 20 से गगनदीप कौर पत्नी दुलीचंद मलकीत सिंह बालोदिया ब्लॉक समिति, बहुजन समाज पार्टी के जिला परिषद ब्लॉक समिति के चुनावों की तैयारी में बसपा कार्यकर्ता अपने ने अपना प्रचंड रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं।

अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार (आरपी सिंह राठौर) से फोन पर हुई बातचीत में बसपा पूर्व प्रदेश सचिव रोहित गर्वा ने बताया सिरसा में बीजेपी से टूट टूट कर बसपा सुप्रीमो मायावती के कार्य से प्रभावित होकर लोगों की जुड़ने के लिए होड़ मची हुई है इसको लेकर संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में जिला स्तरीय मीटिंग रखी गई।

जिसमें उपस्थित रहे पूर्व प्रदेश सचिव रोहित गर्वा, जिला महासचिव कार्तिक मेहरा, कोषाध्यक्ष डॉ राजकुमार सिरसा जिला हल्का अध्यक्ष डॉक्टर बंसी लाल दहिया, हल्का सचिव रोहतास मेहरा हल्का उपाध्यक्ष विजय जलवा हल्का सचिव बुल्ले शाह रामकुमार बेगू ओम प्रकाश, रमेश मेहरा, रामधन बौद्ध, राजपाल तालानिया, सुनील कुमार, कर्मवीर, अक्षय रविदासिया सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में बसपा पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर मंथन किया।

## टूटे पुल से आवागमन करते मजबूर ग्राम व क्षेत्रवासी, हादसे की आशंका

अमर ख्याल



तुलसीपुर (बलरामपुर) विकासखंड तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चौहत्तर कला के मजरा सुगवा कोडर के लोग मुख्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने पुल के जर्जर होने से काफी भयभीत हैं। भारी बारिश और पहाड़ी नाले के पानी के बहाव के समय लोग डरे हुए थे कि तेज बहाव में पुल भी न बह जाए। ग्रामवासी अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने बताया कि हमारे गांव का मुख्य मार्ग लगभग 20 वर्ष पहले सांसद निधि के द्वारा सी.एस.डी.एल. संस्था ने बनाया था। पुल बहुत ही जर्जर हो चुका है पुल के दोनों ओर की दीवारें खिसक चुकी हैं। तथा बीच का सुरक्षा दीवाल पूरा गिरकर धराशाई हो चुका है। हमारे द्वारा सभी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस मार्ग से होकर बनगाई, त्रिलोकपुर, रनियापुर, बिश्रामपुर, महदेइया, लल्लन पुरवा आदि गांव के लोग और अपनी गन्ने से भरी बैलगाड़ी को भी ईधर से ही ले जाते थे। ग्राम प्रधान दीपक और हनुमान यादव ने बताया कि मजरा सुगवा कोडर में लगभग 400 से अधिक मतदाता निवास करते हैं। पुल जर्जर हो जाने के कारण लोग अपने घर से भारी वाहन लेकर नहीं निकलते हैं। ग्रामवासी अकील अहमद, मो. रियाज, ओमप्रकाश, भगवानदीन, सीताराम, मनोज कुमार, धर्मराज आदि लोगों ने बताया कि गन्ने के कटान के समय हम सभी अपनी बैलगाड़ी व ट्रैक्टर- ट्राली चीनी मिल तुलसीपुर को ले जाने के लिए 10 किलोमीटर दूर घूम कर जाते हैं। जिससे हमारा समय व पैसा अधिक नुकसान होता है। ग्रामवासी प्रदीप सिंह व शुभम ने बताया कि कुछ समय पहले थाना कोतवाली जरवा पुलिस द्वारा पुल को क्षतिग्रस्त देखते हुए पुल मुख्य मार्ग पर बांस व लकड़ी लगाकर रास्ता पूरी तरह से रोक दिया गया था। लेकिन गांव वालों को घर से निकलने का रास्ता नहीं मिलने के कारण गांव के लोग बांस व लकड़ी को हटाकर पुनः जान की बाजी लगाकर पुल से आवागमन शुरू कर दिए थे।सभी ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से नया पुल निर्माण और मुख्य मार्ग को पुनः बनवाने की मांग की है। बीडीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यदायी संस्था को पत्र भेजकर पुल को जल्दी सही करवा दिया जाएगा।

## कुम्हारों का घर रोशन करने के लिए दीपावली पर करें मिट्टी की दियाली का प्रयोग : दीपक पाण्डेय

मनोज त्रिपाठी

लालापु ( प्रयागराज ) भारतीय जन कल्याण परिषद के सचिव दीपक पाण्डेय व उपाध्यक्ष सरस्वती प्रसाद मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में जन जागरूकता करते हुए अपील की है

कि कुम्हारों का घर रोशन करने के लिए दीपावली पर्व पर मिट्टी की दियाली का ही प्रयोग करें। उपाध्यक्ष सरस्वती प्रसाद मिश्रा ने कहा कि रात दिन मेहनत कर दियाली बनाने वाले कुम्हारों के घर रोशन करने के लिए मिट्टी की दियाली का प्रयोग करें जिससे कुम्हारों के घर खुशहाली व उमंग उत्पन्न हो सके।अंधेरा कैसा भी हो किसी भी रूप में हो उससे निकलने का एक ही जरिया है दिया जलाएं' दिवाली स्वदेशी वाली.! अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओ का उपयोग करें.. मिट्टी कर दियों से ही दिवाली मनाएं, क्योंकि इन बच्चों ने भी दिवाली मनानी है.. मिट्टी के ही दिये जलाना,मिट्टी के ही दिये जलाना बना कर दिए मिट्टी के,जरा सी आश₹ मैंने भी पाली है।,,, मेरी मेहनत को खरीदो लोगों,मेरे घर भी ₹दिवाली₹ है। जन जागरूकता करने वालों में प्रमुख रूप सदस्य से आशीष मिश्रा ,संजय धर , दीप चंद्र शुक्ला ,शंकरलाल पाण्डेय प्रधान लालापुर , सूरज शुक्ला प्रधान पति नौड़िया , प्रदीप मिश्रा सहित अन्य कई रहे

**बना कर दिए मिट्टी के,जरा सी आश₹ मैंने भी पाली है, मेरी मेहनत को खरीदो लोगों मेरे घर भी दिवाली है**

## न्यायालय स्थगन आदेश के बाउजूद कब्जा कराने को तुली रुपईडीहा पुलिस

अमर ख्याल



बाबागंज ( बहराइच ) रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज स्थिति एक भूंखण्ड पर पुलिस मिलीभगत से 21 अगस्त को कब्जेदारी को लेकर चर्चा में आये विवादित आराजी पर दिनाँक 24 अगस्त को मा. न्यायालय द्वारा वाद स. 187/2022 मो.अबरार बनाम मो. यूनुस आदि में स्थगन आदेश पारित किया था। स्थगन आदेश के प्रभावी होने के बाउजूद आज दिनांक 18 अक्टूबर को पुनः स्थानीय पुलिस की संलिप्तता से निर्माण कार्य चालू कर दिया गया। जिससे विपक्षीगणों द्वारा न्यायालय न्यायाधिकार क्षेत्र में जानबूझकर बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। चूंकि उक्त विवादित न्यायालय विचाराधीन आराजी का माननीय न्यायालय में सर्वे कमीशन (चिन्हांकन) प्रार्थना पत्र सहित कई मुकदमे विचाराधीन है। पीड़ित का कहना है कि डायल 112 पर सूचना देने पर काम बंद करवा दिया गया कुछ देर बाद पुलिस चौकी प्रभारी बाबागंज राम केश के पहुँचने पर विपक्षीगणों के हौसले बुलंद हो गये चौकी प्रभारी विपक्षीगणों के हौसला अफजाई में धमकी देने लगे तथा न्यायालय में विचाराधीन मुकदमा ठेंगा दिखाते हुये अपना अलग फरमान जारी कर कहा कि लेखपाल बुला कर अपने स्टे की जमीन नपवा लो। वरना हाथ पैर तोड़ कर पूरे परिवार को जेल भेज दूंगा। अब सवाल यह उठता है कि जब विवादित आराजी का मामला न्यायालय में निस्तारित व सर्वे कमीशन (चिन्हांकन) होने का प्रार्थना पत्र विचाराधीन है तो ऐसी स्थिति में स्थानीय पुलिस का फरमान सर्वोपरि केवल यूपी की खाकी पुलिस न्याय व्यवस्था को चैलेंज कर सकती है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी है।

## किसान समितियों को नहीं मिलेगा फार्म मशीनरी का लाभ

बाराबंकी। फार्म मशीनरी का लाभ लेने के लिए कुछ किसान फर्जी तरीके से किसान समिति बनाकर निजी कार्य करते थे। जिससे किसानों के सूमह को लाभ नहीं मिल पाता था। इस फजीर्वाड़े को रोकने के लिए सरकार ने किसान समितियों को इस योजना से बाहर करते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। अब सिर्फ पंजीकृत सोसायटी को कृषि यंत्र योजना के तहत फार्म मशीनरी का लाभ देने को कहा गया है। इन समितियों को भी मिलेगा लाभः उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि शासन ने फार्म मशीनरी के तहत कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत अनुदान देकर किसानों के समूह को कृषि कार्य में सहूलित प्रदान करने को कहा है।

## पशुओं का वध करते हुए पुलिस तीन को पकड़ा एक मौके से फरार



**पटवाई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक ईख के खेत में चार युवक को किसी पशु को काटते हुए पकड़ लिया बल्कि एक युवक मौका पाकर फरार हो गया दबिश दी जा रही है जल्दी इसको गिरफ्तार करके जेल भेज दे जाएगा**

**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर। पटवाई**/ रात्रि में गोकशी कर रहे तीन युवकों को पटवाई पुलिस ने धर दबोच लिया। पटवाई पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की ईख के खेत में चार युवकों गोकशी कर रहे है इसमें पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीन युवकों को पकड़ लिया और रात्रि में ही थाने ले आई इनके पास से 2 कुंटल मास अवशेष तराजू छूरी आदि बरामद किए घटना मंगलवार रात्रि करीव 11 बजे की है पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़िया ईख के खेत में तीन लोगों को गोकशी करते मौके पर गिरफ्तार कर लिया बल्कि एक युवक फरार हो गया था।इसी थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर के रहने वाले तस्वीर उर्फ बुड्ढे पुत्र होरी नूरहसन पुत्र बुद्धू , सोकीन पुत्र बसिम निवासी पीपला बल्कि फुरकान पुत्र साबिर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस उसको भी पकड़ने में जुटी है

## बुजुर्ग महिला को पति,पुत्र, देवर और बहु से जान का खतरा

**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर** । मिलक/बुजुर्ग महिला ने अपने पति,पुत्र ,देवर व बहु से जान का खतरा बताते हुए एसपी से इंसाफ की गुहार लगायी।बुजुर्ग ने अपनी पुत्री के साथ रहने की इच्छा जाहिर करते हुए पुलिस से सुरक्षा की भी गुहार लगायी क्षेत्र के क्योरार गांव निवासी बुजुर्ग महिला कमला पत्नी बुद्धसेन ने पुलिस अधीक्षक रामपुर को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि वह केंसर के लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है।पूर्व में प्रार्थनी की मां बुलारो देवी ने साढ़े तीन बीघा जमीन उसके नाम अभिलेखों में दर्ज करायी थी।बर्षों से उसके देवर,पुत्र,पति इस जमीन पर आंखे गढ़ाए बैठे हैं तथा अपने नाम दर्ज कराने को तरह तरह के तरीके अपनाते हैं।वर्तमान में उसकी पुत्री उर्मिला पांडेय उसका इलाज करा रही है।इन सभी को यह पता चल चुका है कि प्रार्थनी अपनी मां के वादे के अनुसार वह जमीन अपनी पुत्री उर्मिला पांडेय को दे देगी जिस कारण पति बुद्धसेन पांडेय,पुत्र जयबिन्द पांडेय ,देवर सुनील पांडेय,विक्की पांडेय,शिवोम पांडेय व बहु उसे तरह तरह की यातनाएं देकर प्रतिदिन प्रताड़ित करते हैं तथा घर मे बंधक बनाकर रखते हैं।पीडिता के पति ने उसके सभी कीमती जेवर अपने कब्जे में ले लिए हैं।।बुजुर्ग महिला ने सभी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा अपनी पुत्री उर्मिला के साथ जीवन यापन करने के साथ सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर ख्याल ब्यूरो**

**मनकापुर(गोण्डा)** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए ,वही दूसरी तरफ थाना मनकापुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव टीम किया गठित। थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त रमन कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 टेबलेट अल्प्राजोलम/अल्प्रासेफ बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 मनकापुर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता उ0नि0 बलिराम सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमर ख्याल**

**गोण्डा**। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अवैध शस्त्र/कारतूस रखने वालो एवं इनका क्रयझविक्रय करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त उदय राज कोरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तारकर्ता टीम उ0नि0 अंकुर वर्मा मय टीम सहित मौजूद रहे।

## पुलिस टीम द्वारा बाल तस्करी से आजादी विषयक अभियान



**अमर ख्याल अहमद रजा**

**बलरामपुर** में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित सीमावर्ती जनपदों में बाल तस्करी से आजादी के संबंध में अभियान चलाए जाने हेतु जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराये जाने विषयक बालविवाह, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में कार्ययोजना तैयार कर, जिसमें बलरामपुर के समस्त थानों के अंतर्गत आने वाले इस तरह के ग्राम जो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए है उन ग्रामों में तिथि वार बाल तस्करी से आजादी जागरूकता / संवाद कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 19.10.2022 को थाना- तुलसीपुर में तुलसीपुर बाजार के ढाबा मालिकों , दुकानदारों को जागरूक किया गया जिसमे म0 उ0 नि 0नीलोफर बानो थाना अळळव मय टीम,चाइल्ड लाइन व श्रम विभाग भी मौजूद रहे।

# सांसद जी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

अमर ख्याल ब्यूरो

पीलीभीत। सांसद श्री वरूण गांधी जी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गांधी सभागार पीलीभीत में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में मा0 सांसद जी द्वारा जनपद में विकास कार्यों से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं व मा0 सदस्यगणों द्वारा विकास से सम्बन्धित बताई गई समस्याओं का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी को ससमय निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। मा0 सांसद जी ने बजाज शुगर मिल बरखेडा द्वारा पूर्व में क्रय किये गये गन्ना कृषकों के गन्ना भुगतान लम्बित होने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, चीनी मिल प्रबन्धक को 15 नवम्बर तक गन्ना भुगतान कराने के निर्देश दिये गये तथा गन्ना ट्रालियों से होने वाली दुर्घटनाओं के दृष्टिगत निर्देशित करते हुये कहा कि ट्रको के माध्यम गन्ना ढुलाई कराना सुनिश्चित किया जाये। मा0 सांसद जी द्वारा डीएफओ सामाजिक वनिकी से वृक्षारोपण के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में 38 लाख पौधों का रोपण किया गया। नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण की जानकारी न उपलब्ध कराने पर नारागजी व्यक्त की गई और निर्देशित किया गया जहाँ जहाँ पौधों का रोपण किया गया है उनके फोटोग्राफ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये तथा शहर व नगर के आसपास नौगवां पकडिया आदि क्षेत्रों में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये गये। मा0 सांसद जी ने शहर में गन्ना वाहनों से लगने वाले जाम से निपटने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, उक्त के सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूल समय में गन्ना वाहन को शहर से नो एन्ट्री में गन्ना भरे वाहन बाहर खड़े रहेगें। मा0 सांसद जी द्वारा ओवरविज्र निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई, उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ओवरव्रिज का शिलान्यास दीपावली के उपरान्त करा दिया जायेगा तथा नौगवा ओवरव्रिज के ऊपर व अण्डरपास की रोड ठीक कराने के निर्देश दिये गये, पीलीभीत से माधौटांडा रोड को ठीक कराने व जहानाबाद में मार्ग का कार्य अभी तक लम्बित होने पर उसे पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही साथ पूरनपुर रोड पर गजरौला में रोड पर लगी स्ट्रीट लाईट न जलने के सम्बन्ध में चर्चा की गई, मा0 सांसद जी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को लाईट ठीक कराने के निर्देश दिये गये। मा0 सांसद जी द्वारा सेतु निर्माण




के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई और सेतु निर्माण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि पूरनपुर में धनाराघाट पुल व जीर्णशीण पुल के निर्माण हेतु शासन को पत्र भेजा जाये ताकि क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके। जनपद में पीएनसी कम्पनी द्वारा ग्रामों में पानी टंकी के पाइप लाइन डाले जाने का कार्य किया जा रहा है और सड़को को बिना मरम्मत कराकर ही छोड दिया जाता है, इस पर मा0 सांसद जी ने कहा कि यह गम्भीर मामला है और अधिशासी अभिन्यता जल निगम को निर्देशित किया गया कि स्वयं जाकर पूरे मामले को देखें और प्रभावित सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करायें दोषी संस्था के खिलाफ कार्यवाही की जाये तथा ग्राम शाही में दो वर्ष पूर्व बनी पानी अबतक शुरू न किये जाने पर मा0 सांसद जी ने नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अभियन्ता जल निगम को शीघ्र ही पानी की टंकी का संचालन करने के निर्देश दिये गये। मा0 सांसद जी द्वारा अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये कि पूरनपुर से सिरसा मार्ग का चौडीकरण का कार्य व धनकुना से भिखारीपुर मार्ग, टनकपुर मार्ग से अनबरगंज जर्जर मार्ग की मरम्मत एवं जहां जहां पुलिया निर्माण कराना प्रस्तावित हो उसे शीघ्र कराना सुनिश्चित किया जाये। पीएम सड़क योजना के अन्तर्गत के पीलीभीत से ग्राम कंजा हरेर्या तक व माला में सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड से नहरों की साफ सफाई व सिल्ट सफाई के सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा मा0 सांसद जी ने मचवाखेडा मार्ग पर पाइप डलवाने के निर्देश दिये गये। मा0 सांसद जी द्वारा अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड को निर्देश दिये गये कि ग्राम सुसियार व गायबोझ में नदी कटान का मौके जाकर निरीक्षण किया जाये और उससे बचाव हेतु पिचिंग निर्माण आदि व्यवस्थाऐ की जाये तथा कटान में हुये नुकसान का मुआवजा पीड़ितों को दिलाया जाये। मा0 सांसद जी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये गये कि कृषकों को खेती के लिए अधिक से अधिक विद्युत कनेक्शन व ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। समीक्षा के दौरान मा0 सांसद जी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, वन्य जीव मानव संघर्ष को रोकने हेतु जंगल के किनारे के ग्रामो में गन्ने के अतिरिक्त अन्य फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिये गये ।इस सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जंगल के किनारे स्थित किसानों को सतावर, केले व हल्दी की फसलों को बढावा देने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिस पर मा0 सांसद जी ने इसे न काफी बताते हुये निर्देशित किया कि जंगल के किनारे बसें ग्रामों में गोष्ठियॉ आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाये। मा0 सांसद जी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में हदय रोग, कैंसर आदि बीमारियों से बचाव हेतु जिला अस्पताल में वेन्टीलेटर की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें तथा अस्पताल में एमआरआई मशीन लगवाने व जनपद के सभी प्रमुख प्राइवेट अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने के निर्देश दिये गये। जनपद की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराये गये वृक्षारोपण की आढ़ में धन का दुरूपयोग किये जाने की शिकायत पर भी मा0 सांसद जी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिये। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जनपद के पात्र व्यक्तियों के अधिक से अधिक राशन कार्ड जारी किये जाये जिससे की उनको लाभ मिल सके तथा कोटेदारों द्वारा राशन घटतौली पर रोक लगाई जाये। मा0 सांसद जी ने पीओ डूडा को निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में धनराशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा जिन लाभार्थियों की दूसरी और तीसरी किस्त लम्बित है उसे शीघ्र भेजना सुनिश्चित करें। डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि जनपद के अधिक से अधिक तालाबों को अमृत सरोवर योजना से जोडा जाये और उनका जीर्णाद्वार कराना सुनिश्चित किया जाये। ग्राम सिद्वनगर में जर्जर हो चुके सरकारी स्कूल के निर्माण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। धान खरीद सेन्टरों के अधिकारियों के राइस मिलों सांठगाठ होने की शिकायत पर मा0 सांसद जी ने सम्बन्धित अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने स्तर से जांच करा लें ताकि किसी भी दशा में किसानों का उत्पीडन न हो और किसानों के धान सरकारी क्रय केन्द्रों पर शतप्रतिशत खरीदा जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार, मुख्य विकास अधिकारी श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, डीएफओ सामाजिक वनिकी, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी मा0 सांसद सचिव श्री कमलकान्त, निगरानी समिति के नामित सदस्य व सांसद प्रवक्ता श्री एम.आर.मलिक, जिला पंचायत सदस्य श्री गुड्डू गंगवार व श्री राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मानक के अनुरूप स्कूल वाहन ना चलने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

## चेकिंग अभियान के दौरान 13 ई-रिक्शा, दो ऑटो टेंपो व दो मोटरसाइकिल को किया गया सीज

अमर ख्याल ब्यूरो

पीलीभीत। जनपद में स्कूल मानक के अनुरूप ना चलने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाया गया अभियान एआरटीओ श्री वीरेंद्र सिंह एवं यातायात निरीक्षक निर्देश चौहान द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने में प्रयुक्त होने वाले वाहनों की जांच की गई, जिसमें 13 ई रिक्शा दो ऑटो टेंपो एवं दो मोटरसाइकिल को सीज किया गया। स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाए गए 13 ई रिक्शा में से 8 से पंजीकृत तथा पांच ई-रिक्शा अपंजीकृत थे इन सभी को स्कूली बच्चों के असुरक्षित परिवहन किए जाने के दृष्टिगत ठेका चौकी थाना सुनगढ़ी में सीज कर दिया गया, अधिकांश ई-रिक्शा वाहनों में क्षमता से अधिक स्कूली छात्र बैठे हुए थे इसी प्रकार दो ऑटो टेंपो जिसमें से एक वाहन की फिटनेस समाप्त हो चुकी थी तथा दूसरे में क्षमता से काफी ज्यादा स्कूली छात्र बैठे हुए थे इन दोनों को भी सीज किया गया।

सीज किए गए सभी वाहनों से स्कूली बच्चों को उतारकर सुरक्षित वाहन से उन्हें उनके विद्यालय पहुंचाया गया। चेकिंग कार्रवाई में एक मोटरसाइकिल जिस पर तीन नाबालिग छात्र सवार थे को सीज किया गया एवं एक अन्य मोटरसाइकिल को चालक के पास डीएल ना होने के कारण उसका चालान



किया गया। ई-रिक्शा एवं अन्य असुरक्षित वाहनों से स्कूली बच्चों का आवागमन कराने के संबंध में विद्यालयों को नोटिस जारी कराया जा रहा है कि स्कूली बच्चों के घर से विद्यालय और विद्यालय से घर सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी विद्यालयों की भी है अतः सभी विद्यालय यह सुनिश्चित कराएं कि उनके विद्यालय में आने वाला प्रत्येक छात्र छात्रा सुरक्षित वाहनों से ही विद्यालय आवागमन करें इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भी संबंधित विद्यालयों को निर्देशित कराया जाएगा। विद्यालय परिवहन यान नियमावली के अंतर्गत सुरक्षा मानकों को पूर्ण करने वाले स्कूल वाहनों को ही विद्यालय के बच्चों को लाने ले जाने के लिए निर्धारित किया गया है। एआरटीओ द्वारा अभिभावकों से यह अपील की गई है कि अपने बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत उन्हें सुरक्षित वाहनों से ही विद्यालय में आवागमन कराएं। एआरटीओ ने अवगत कराया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे असुरक्षित वाहनों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को आयोजित के संबंध में बैठक आयोजन

**अमर ख्याल अहमद रजा**

**बलरामपुर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 12 नवम्बर, 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पदमाकर मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि दिनांक 12 नवम्बर को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार ने पारिवारिक मामलों के सम्बन्ध में चर्चा की और इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये कहा कि वादकारी अधिक से अधिक पारिवारिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं। बैठक में अधिवक्तागण एवं मध्यस्थ मुकेश सिंह मौजूद रहे।

# दीपावली के पर्व पर जगमगाएगा पूरा बलरामपुर



**अमर ख्याल अहमद**

**हरैया ( बलरामपुर )** दीपावली का त्योहार नजदीक है शहर से लेकर गांव तक कुंभकारों द्वारा मिट्टी के दीये तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही गाय के गोबर से निर्मित दीये भी बाजार में उपलब्ध हैं। इस बार कुंभकारों को दीपावली पर दीयों की अच्छी खरीदारी की उम्मीद है। दीपावली के दिन हर तरफ दीये, मोमबत्ती और रंग बिरंगी लाइटों की जगमगाहट देखने को मिलती है।गांव तथा शहर के विभिन्न मोहल्लों में रहने वाले कुंभकारों ने घरों में मिट्टी के दीये तैयार करने शुरू कर दिए हैं। उन्हें उम्मीद है कि धनतेरस से लेकर दिवाली तक लोग दीयों की जमकर खरीदारी करेंगे। इससे उनके घर भी त्योहार की खुशियां भर जाएंगी। जिले के हरैया सतघरवा विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कटकुइंया गंजडहवा चौराहा के मुश्लिम कुंभकार अरमान, मोहम्मद सलमान, अब्दुल लतीफ,नसीम अहमद ने बताया कि पहले से और अब कार्य करने में थोड़ा अंतर आ गया हैं। महंगाई काफी बढ़ गई है अब लोग मोमबत्ती और बिजली की लाइटें जलाना पसंद करते हैं शगुन के लिए 100-50 दीये लेकर जाते हैं उसी से ही उनका काम चल जाता है। पांच हजार दीये तैयार किए हैं। उम्मीद तो हैं, लेकिन हम लोगों को मिट्टी नहीं मिल रही है। मिट्टी का दाम 1000 से 1200 रुपये गाड़ी है। प्रधानमंत्री ने हम लोगों को इलेक्ट्रॉनिक चॉक तो दे दिया, लेकिन मिट्टी और बिजली के बिल की हम लोगों की समस्या है। फिर भी हमें उम्मीद है कि इस वर्ष कारोबार ठीक चलेगा। हम माटी कला केंद्र भी चलाते हैं। मिट्टी के बर्तन, व अन्य उत्पाद भी तैयार कर रहे हैं। जिनकी मांग हो रही है। सलमान कुंभकार मिट्टी के दीयों के साथ ही बाजार में गाय के गोबर से निर्मित मूर्तियां और दीये भी लोगों की पसंद बन रहे हैं। यह दीये और मूर्तियां इको फ्रेंडली हैं यानि इनसे पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है।

# जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर लगेंगे पांच हेल्थ एटीएम

बाराबंकी। जिले जनप्रतिनिधियों ने हेल्थ एटीएम लगाने के लिए परियोजना निर्देश स्वास्थ्य को प्रस्ताव भेज हेल्थ एटीएम लगाने की मांग की थी। पांच हेल्थ एटीएन जनप्रतिनिधियों के बताये स्थान पर स्थापित कराने की स्वीकृति शासन ने दे दी है। नोडल अधिकारी को पत्र मिलते ही विभागीय जेई के साथ स्टीमेट तैयार कर एटीएम लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। हेल्थ एटीएम से 10 मिनट में ही जांच रिपोर्ट प्रिंट होकर मिल जाएगी। जिससे मरीजों को काफी आसानी होगी। इन जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर स्थान हुए चिन्हितः सांसद उपेंद्र रावत ने परियोजना निदेशक स्वास्थ्य को प्रस्ताव भेज सीएचसी बड़ागांव व सूरतगंज में हेल्थ एटीएम लगाने को कहा है। वहीं एमएलसी अंगद सिंह ने रामनगर व सिरौलीगौसपुर के लिए प्रस्ताव भेजा है। हाल ही में हैदरगढ विधायक दिनेश रावत ने कोठी में हेल्थ एटीएम का प्रस्ताव दिया है। हेल्थ एटीएम के नोडल अधिकारी डॉ. अवधेश मौर्य ने बताया कि निदेशक का पत्र विभाग को मिला है। सभी स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित कराने के लिए स्थान का चयन किया गया है। विभागीय जेई व टेक्निकल जेई स्टीमेट तैयार कर दोबारा प्रस्ताव परियोजना निदेशक को भेजेंगे।

# कोड़रीघाट से कोड़री गांव तक दो डीप बनाए जाने का किया मांग




**अमर ख्याल , अहमद रजा ललिया ( बलरामपुर )**। जनपद के मुख्यालय से 2 सैकड़ा से अधिक तराई क्षेत्र के गांव को जोड़ने वाला कोडरी घाट फुल के बीच दो डीप बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए कोडरी घाट के कुर्मी पुरवा एवं कोडरी गांव के मध्य दो डीप बनाने की मांग जिलाधिकारी से की है ग्रामीणों ने मांग पत्र देने के दौरान हवाला दिया है कि दोनों पुल से गुजरने वाले शिवपुरा ललिया बरौलिया सिंहपुर बलदेव नगर काशीपुर टेडवा लालपुर झौहना गोसाई पुरवा आदि ग्राम के लोग बाढ़ आने पर शहर से कट जाते हैं इसके साथ साथ हजारों एकड़ का फसल बाढ़ के पानी में डिप न होने से बर्बाद हो जाता है फसल बर्बाद होने एवं शहर से संपर्क कटने से क्षेत्रवासियों को आर्थिक तंगी के साथ शारीरिक मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसी आपदा आने पर क्षेत्रवासियों को काफी बड़े संकट से गुजरना पड़ता है प्रदर्शन के बाद जिला अधिकारी को मांगपत्र सौंपने वाले ग्रामीणों में दिलीप कुमार गुप्ता अनुज कुमार जिला पंचायत सदस्य कुंवर बहादुर खंडेल ग्राम प्रधान टेड़वा पूनम रानी ग्राम पंचायत बरदौलिया प्रधान उमा देवी मंगरा कोहल प्रधान गौतम चौधरी बलदेव नगर प्रधान ममता आदि क्षेत्र के दर्जनों प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र वासियों ने समस्या से अवगत कराते हुए जिलाधिकारी से मांग किया है कि तत्काल को डरी पुल के पास दो डिप का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि उनकी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# जिलाधिकारी द्वारा पूरनपुर मण्डी में स्थित धान क्रय केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण


## जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारियों को कडे.निर्देश देते हुये कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष नियमित खरीद की जाये सुनिश्चित

अमर ख्याल ब्यूरो

पीलीभीत। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा आज मण्डी पूरनपुर में स्थित धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। मण्डी निरीक्षण के दौरान मण्डी स्थित यूपीएसएस व आरएफसी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच गई। उन्होंने क्रय केन्द्रों पर टोकन रजिस्टर, वेटिंग रजिस्टर, बोरा रजिस्टर एवं क्रय पंजिका का निरीक्षण किया, साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि कृषकों का धान मानक के अनुरूप खरीद की जाये। इस दौरान केन्द्र पर की जा रही तौल के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये



सम्बन्धित किसान से बातचीत की तथा इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी को उक्त किसानों की धान तौल का सत्यापन गाटा संख्या/खतौनी में दर्ज फसल के आधार कराने धान क्रय हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र प्रभारियों को दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष तौल सुनिश्चित करने हेतु कडे.निर्देश देते हुये कहा किसी भी किसान को अनावश्यक रूप से न परेशान किया जाये और शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीद सुनिश्चित की जाये तथा शिकायत पाये जाने सम्बन्धित विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा धान क्रय केन्द्र प्रभारी को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि क्रय केन्द्र पर आने वाले समस्त किसानों के धान की नियमित खरीद की जाये। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारियों को सेंटर से नियमित धान उठान कर मिल पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मौसम के दृष्टिगत खुले में न रहे और जो भी नियमित खरीद की जाये और उसका प्रतिदिन उठान सुनिश्चित किया जाये, किसी भी दशा में धान बरसात से गीला न होने पाये। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर सहित अन्य उपस्थित रहे।




# कानूनी पचड़ों में फंसी अजय-सिद्धार्थ की थैंक गॉड

अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म थैंक गॉड दिवाली के मौके पर रिलीज के लिए तैयार है लेकिन सिनेमाघरों में आने से पहले ही यह फिल्म विवादों में फंस चुकी है। अजय देवगन इस फिल्म में चित्रगुप्त की भूमिका में दिखाई देंगे, जो थ्री पीस सूट पहने हुए होंगे। हालांकि, कुछ लोगों को अजय देवगन का यह लुक पसंद नहीं आया। इसी वजह से फिल्म के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई। इतना ही नहीं, फिल्म को बैन करने की मांग तक उठने लगी। दरअसल, फिल्म के मेकर्स पर कायस्थ समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा है। याचिका में कहा गया है कि भगवान चित्रगुप्त के अपमान को कायस्थ समाज बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं कर सकता है। वहीं, फिल्म के रिलीज होने से देश की शांति और सामंजस्य पर असर पड़ सकता है और अराजकता फैल सकती है। इतना ही नहीं, फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट न देने की मांग की गई है। साथ ही याचिकाकर्ता का कहना है कि इस मामले पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने इस मांग को ठुकरा दिया है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 21 नवंबर को सुनवाई करेगा। जबकि फिल्म 25 अक्टूबर को दिवाली पर रिलीज हो रही है, जो मेकर्स के लिए राहत की बात है। याचिकाकर्ता वकील मोहन लाल शर्मा का कहना था कि फिल्म में भगवान चित्रगुप्त का अपमान किया गया है, जिससे दुनियाभर में रहने वाले कायस्थ समाज के लोगों की भावनाओं का अपमान हुआ है। याचिकाकर्ता ने अभिनेता अजय देवगन, (सीबीएफसी), डायरेक्टर इंद्र कुमार और प्रोड्यूसर भूषण कुमार को पक्षकार बनाया था। बता दें कि थैंक गॉड इसी साल दिवाली के मौके पर 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन के अलावा रकुल प्रीत सिंह और सिद्धार्थ मल्होत्रा अहम किरदार में दिखाई देंगे। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की साथ यह तीसरी फिल्म होगी। जबकि सिद्धार्थ और अजय पहली बार किसी प्रोजेक्ट में साथ आए हैं।

# वरुण धवन के एक्शन पर फिदा हुए फैंस

अभिनेता वरुण धवन की बहुचर्चित फिल्म भेड़िया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में वरुण धवन बेहद खौफनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। बता दें कि वरुण धवन के अलावा फिल्म में कृति सेनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल भी अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे। ट्रेलर में एक तरफ कॉमेडी का तड़का है तो दूसरी तरफ वरुण का एक्शन अवतार भी है। ट्रेलर देखने के बाद साफ तौर से पता लगता है कि वरुण धवन को एक भेड़िया काट लेता है, जिसके बाद उनके अंदर बदलाव होने लगते हैं। धीरे-धीरे वरुण धवन इच्छाधारी भेड़िया बनने लगते हैं। रिलीज के साथ ही ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। लॉन्च होने के साथ ही भेड़िया का ट्रेलर सोशल मीडिया पर छा गया है। वरुण धवन की फिल्म की यूजर्स जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही फिल्म के वीएफएक्स भी यूजर्स को बेहद पसंद आ रहे हैं। कुछ यूजर्स ट्रेलर देखने के बाद भेड़िया की तुलना ऊंचाई से कर रहे हैं और कह रहे हैं कि दोनों ही फिल्में जबरदस्त होने वाली हैं। एक यूजर ने लिखा, आने वाली दिनों में जो फिल्में अच्छी होने वाली हैं, वह हैं भेड़िया और ऊंचाई। ऊंचाई भले सफल न हो, लेकिन भेड़िया सफल होगी। ट्रेलर में यूजर्स वरुण धवन का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर भी दंग हैं। एक्टर का यह अंदाज उन्हें बेहद पसंद आ रहा है। संयोग की बात यह है कि आज ही वरुण धवन को इंडस्ट्री में एक दशक भी पूरा हुआ है। इस खास मौके पर भेड़िया का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। एक तरफ यूजर्स वरुण की इस आगामी फिल्म की तारीफ कर रहे हैं तो दूसरी ओर उन्हें इंडस्ट्री में दस साल पूरे होने की जमकर बधाईयां भी दे रहे हैं। अधिकांश यूजर्स को ट्रेलर पसंद आया है और फिल्म के प्रति अपना उत्साह प्रदर्शित कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स ने ट्रेलर को नकारात्मक प्रतिक्रिया भी दी है। भेड़िया के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर मिल रही यूजर्स की प्रतिक्रिया को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह वरुण धवन की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। आपको बता दें कि इसका निर्देशन अमर कौशिक ने किया है, और इसके प्रोड्यूसर दिनेश विजान हैं। भेड़िया के राइटर निरेन भट्ट हैं और म्यूजिक सचिन जिगर ने दिया है। फिल्म के गानों के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।




# जाह्नवी ने ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में ढाया कहर



बॉलीवुड में अपनी हॉटनेस और कातिल अदाओं से फैन्स को जख्मी करने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर धमाल मचा दिया है। इन हालिया तस्वीरों में जाह्नवी कपूर का लुक देख फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ब्लैक कलर की कटआउट वाली डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में काफी हॉट एंड सिज़लिंग अंदाज में नजर आ रहीं हैं। जाह्नवी कपूर की ये तस्वीरें देखते ही देखते वायरल हो गई हैं, जिन पर फैन्स दिल हार बैठे हैं। फोटोज़ में जाह्नवी कपूर का स्मोकी मेकअपर और खुले बालों का कॉम्बिनेशन उन पर काफी जच रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए जाह्नवी कपूर ने इन्हें कैप्शन दिया - ष्मिली। जाह्नवी कपूर की इन तस्वीरों पर उनके फैन्स - ब्लैक एंड व्हाइट क्या है और हर जगह पढ़ें और हार्ट इमोज़ी के साथ फायर इमोज़ी भी शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। जाह्नवी कपूर इन तस्वीरों में अपना कर्वी फिगर और हाथ में बना टैटू फ्लॉन्ट करती नजर आ रहीं हैं। जाह्नवी कपूर फिटनेस फ्रीक हैं और वो खुद को फिट एंड एक्टिव रखने के लिए वर्कआउट करना नहीं भूलतीं।



# रिया चक्रवर्ती ने रिहाई वाले दिन पूरी जेल में बंटवाई थी मिठाई



रिया चक्रवर्ती को उनके दिवंगत प्रेमी और बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। अक्टूबर 2020 में जमानत पर रिहा होने से पहले उन्होंने एक महीना मुंबई की भायखला जेल में बिताया। एक नए साक्षात्कार में मानवाधिकार वकील और ट्रेड यूनियनिस्ट सुधा भारद्वाज ने खुलासा किया है कि रिया को अपने बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अभिनेत्री ने जेल में कैदियों के साथ घुलमिल गयी थी और अपने आखिरी दिन उनके साथ नृत्य किया और उन्हें मिठाई भी बांटी।

मानवाधिकार वकील और ट्रेड यूनियनिस्ट सुधा भारद्वाज ने हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद ड्रग्स से संबंधित मामले में अभिनेत्री के मुकदमे के दौरान भायखला जेल में रिया चक्रवर्ती के साथ समय बिताने के बारे में बात की। एक समाचार पोर्टल के साथ एक साक्षात्कार में सुधा ने खुलासा किया कि हालांकि सुशांत की मृत्यु के बाद रिया को सोशल मीडिया पर मीडिया परीक्षण और आलोचना का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसने इसे खेल के रूप में लिया, और अपने समय के दौरान भायखला जेल में कैदियों के साथ बहुत दोस्ताना थी। वकील ने कहा कि वह खुश हैं कि रिया को एक विशेष सेल में रखा गया और मुख्य बैरक में नहीं लाया गया। उनके अनुसार रिया को वहां इसलिए रखा गया था ताकि वह टीवी न देखे। सुधा को लगा कि पूरे दिन उनके मामले की सुनवाई उनके लिए बहुत परेशान करने वाली होगी। सुधा ने कहा कि रिया कैदियों के साथ बहुत दोस्ताना थी और मीडिया ट्रायल और सोशल मीडिया आलोचना को खेल के रूप में लेती थी। उन्होंने कहा कि वे सुशांत की मौत के मामले में रिया को बलि का बकरा बनाए जाने से नाखुश थी।

सुधा ने आगे विस्तार से कहा कि वह जेल के अंदर सभी के प्रति बहुत दोस्ताना थी। वकीलों ने यह भी खुलासा किया कि आखिरी दिन, रिया के बैंक खाते में कुछ पैसे बचे थे, इसलिए उसने मिठाई खरीदी और कैदियों में बाटी थी। सुधा ने न्यूज़लॉन्ड्री को बताया कि उनके जाने से पहले सभी ने उनसे एक आखिरी नृत्य की मांग की, और अभिनेत्री ने बाध्य किया। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने रिया से पूछताछ की। रिया को मामले में ड्रग से संबंधित आरोपों में 28 दिनों के बाद भायखला जेल में अक्टूबर 2020 में जमानत पर रिहा किया गया था।

# दमदार अंदाज में बॉक्सिंग करती नजर आईं दिशा पटानी

अभिनेत्री दिशा पटानी अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। दिशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती नजर आती हैं। यह तो सब जानते हैं कि दिशा अपनी फिटनेस का बेहद ख्याल रखती हैं। इसके लिए घंटों जिम में कसरत करती नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर दिशा अपनी टोन्ड फिगर को भी जमकर फ्लॉन्ट करती हैं। एक बार फिर दिशा अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। इस पोस्ट में वह बॉक्सिंग करती नजर आ रही हैं। दिशा पाटनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से यह वीडियो शेयर की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दिशा किसी फिटनेस सेंटर में हैं। यहां दिशा ट्रेनर के साथ बॉक्सिंग मुकाबला करती नजर आ रही हैं। ब्लैक कलर के शॉर्ट्स और ब्रालेट में दिशा का लुक भी काफी धांसू लग रहा है। वहीं पंच मारने का उनका अंदाज भी जबरदस्त है। दिशा किसी भी लिहाज से अपने ट्रेनर से कमतर नजर नहीं आ रही हैं, वह बिल्कुल कांटे की टक्कर दे रही हैं। इस वीडियो के साथ दिशा ने काफी मजेदार कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा है, छुट्टियों के दौरान थोड़ी मिठाइयां खा सकूं, इसकी कोशिश कर रही हूं। यह तो साफ है कि दिवाली का त्योहार आ रहा है। मिठाइयों के चक्कर में दिशा फिटनेस और फिगर के साथ समझौता नहीं करना चाहतीं, इसलिए उन्होंने पहले ही अपनी तैयारी शुरू कर दी है। फिटनेस के प्रति दिशा के इस जुनून की यूजर्स खूब तारीफ कर रहे हैं। दिशा के इस पोस्ट पर यूजर्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही हैं। साथ ही सेलेब्स भी एक्ट्रेस की खूब तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कहां से सीखा? एक अन्य यूजर ने लिखा, जबरदस्त। हालांकि, कुछ यूजर्स दिशा को ट्रोल करते भी नजर आए। एक यूजर ने लिखा, क्या फायदा इसका जब हर फिल्म में आइटम सॉन्ग ही करना है। एक अन्य यूजर ने लिखा, एक्टिंग पर भी ध्यान दीजिए।



# ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर किया ऐसा पोस्ट कि फैंस हो गए परेशान

ऋतिक रोशन की कुछ दिनों पहले फिल्म विक्रम वेधा रिलीज हुई। फिल्म में ऋतिक के साथ सैफ अली खान लीड रोल में थे। इस फिल्म को लेकर ऋतिक को काफी उम्मीद थी, लेकिन फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। इसी बीच अब एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें ऐसा कुछ लिखा है कि फैंस एक्टर को लेकर परेशान हो गए हैं। एक्टर ने जो पोस्ट शेयर किया है उसमें लिखा है जब आपका दिमाग नेगेटिव चीजों पर फोकस करे। इसके साथ ही लिखा है कि कैसे इसे चेंज करें। इस पोस्ट को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि शायद फिल्म को मिले खराब रिस्पॉन्स से एक्टर के दिमाग में भी नेगेटिव चीजें आई होंगी। वहीं फैंस सोशल मीडिया पर एक्टर के इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्हें शांत रहकर पॉजिटिव सोचने की सलाह दे रहे हैं। तो कोई कह रहा है कि आप जल्द बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेंगे। खैर ऋतिक अब आगे अपने प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहे हैं। वह अब फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। बता दें कि काफी समय से फैंस दोनों को साथ में काम करने की रिक्वेस्ट कर रहे थे। सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर कई पोस्ट किए गए जिसके बाद दीपिका और ऋतिक ने अनाउंस किया कि वे फिल्म फाइटर में साथ में नजर आएंगे। ये एक एक्शन फिल्म होगी। ऋतिक की पर्सनल लाइफ काफी अच्छी चल रही है। वह सबा आजाद के साथ अपना रिलेशनशिप पीरियड एंजॉय कर रहे हैं। हाल ही में दोनों साथ में वेकेशन पर गए। इससे पहले भी दोनों ट्रिप पर गए हैं, लेकिन एक्टर ने हाल ही में पहली बार सबा के साथ फोटो शेयर की। ऋतिक ने दरअसल सेल्फी शेयर की थी जिसमें उनके पीछे बेंच पर बैठी थीं सबा आजाद। फोटो शेयर कर ऋतिक ने लिखा था, गर्ल ऑन बेंच। समर 2022 लंदन। बता दें कि ऋतिक और सबा के रिलेशनशिप की शुरुआत इसी साल फरवरी से हुई जब दोनों को साथ में एक रेस्टोरेंट में स्पॉट किया गया। इसके बाद कई बार दोनों साथ दिखे। वहीं फिर एक्टर के फैमिली इवेंट्स में भी सबा नजर आती थीं। हाल ही में अली और ऋचा की शादी में भी दोनों बतौर कपल आए और दोनों की फोटोज खूब वायरल हुईं।



## फुटबॉलर

## फालकाओ के गोल से एटलेटिको का विजय अभियान थमा



**मैड्रिड।** रायो वालेकानो के स्ट्राइकर राडामेल फालकाओ ने स्टॉपेज टाइम के दो मिनट के भीतर गोल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल में एटलेटिको मैड्रिड को। .। से ड्रॉ पर रोककर उसके विजय अभियान पर अंकुश लगा दिया। एटलेटिको के लिए 20वें मिनट में अलवारो मोराटा ने गोल दागा था। इस ड्रॉ के बाद एटलेटिको शीर्ष पर काबिज रीयाल मैड्रिड से पांच और बार्सीलोना से दो अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। रायो दसवें स्थान पर है। एक अन्य मैच में वालेंशिया ने सेविला से। .। से ड्रॉ खेला। वहीं एथलेटिक बिलबाओ को गेटाफे ने 2 . 2 से ड्रॉ पर रोका।

## एशिया कप बीती बात, अब टी20 विश्व कप सुपर 12 पर नजरें : शनाका

**जीलॉन्ग (आस्ट्रेलिया)।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा कि एशिया कप में मिली खिताबी जीत अब बीती बात हो चुकी है और उनका फोकस नीदरलैंड के खिलाफ करो या मरो का मैच जीतकर टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण में जगह बनाने पर है। टूर्नामेंट के पहले मैच नामीबिया के हाथों उलटफेर का शिकार हुए श्रीलंका ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में यूएई को 79 रन से हराकर वापसी की। ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका को शीर्ष पर बनी हुई नीदरलैंड को बृहस्पतिवार को होने वाले अहम मुकाबले में हराना होगा। शनाका ने कहा , एशिया कप इतिहास की बात हो चुकी है। हम पर कोई दबाव नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन पर फोकस करना है ताकि अगले दौर में जगह बना सकें। उन्होंने कहा , हमें अपनी ताकत पता है। पहले मैच में हम अच्छा नहीं खेल सके लिहाजा नामीबिया से हार गए। लेकिन हम इससे कहीं बेहतर टीम हैं। उन्होंने बुधवार के मैच में पाथुम निसांका (74) और दुष्मंता चामीरा (15 रन देकर तीन विकेट) के प्रदर्शन की तारीफ की लेकिन कहा कि भानुका राजपक्षा को अब रन बनाने होंगे।

## एमचेस रेपिड शतरंज टूर्नामेंट: भारतीय चुनौती क्वार्टर फाइनल में समाप्त



**चेन्नई।** डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और विदित संतोष गुजराती की हार के साथ एमचेस रेपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गई। शुरुआती चरण में विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने वाले गुकेश को रिचर्ड रेपर्ट के खिलाफ 1.5-2.5 से हार सामना करना पड़ा। चार बाजी के मुकाबले में गुकेश ने दूसरी बाजी जीतकर बढ़त बनाई थी लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। दूसरी बाजी में 32 चाल में जीत के साथ 16 साल के गुकेश ने 1.5-0.5 की बढ़त बनाई जबकि पहली बाजी ड्रॉ रही थी। रेपर्ट ने इसके बाद वापसी करते हुए तीसरी बाजी 55 चाल में जीतकर स्कोर बराबर किया और फिर चौथी बाजी भी जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शुरुआती चरण में कालर्सन को हराने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे एरिगेसी को दुनिया के इस नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 0.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा। पहली बाजी में हार के कगार पर पहुंचने के बावजूद बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहे कार्लसन ने अगली दो बाजी में उम्मीद के मुताबिक खेलते हुए जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदित को भी पोलैंड के यान क्रिस्टोफ डुडा के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 0.5-2.5 से हार झेलनी पड़ी। गुकेश और एरिगेसी शुरुआती चरण में क्रमशः दूसरे और चौथे स्थान पर रहे थे। एमचेस रेपिड टूर्नामेंट मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर का हिस्सा है और इसमें भारत के पांच खिलाड़ियों सहित कुल 16 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

# क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकता है जय शाह का बयान : पीसीबी

**एजेंसी ■ लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से आपात बैठक बुलाने का आग्रह किया है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बयान दिया है कि भारत अगले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर पाएगा। भारत महाद्वीपीय टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेलना पसंद करेगा और पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा, शाह के इस बयान पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए पीसीबी ने कहा कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और 2023 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। मंगलवार को बीसीसीआई की आम सभा की बैठक के बाद बयान देने वाले शाह एसीसी के अध्यक्ष भी हैं। पीसीबी ने बयान में कहा, इस तरह के बयान में क्षमता है कि ए एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और क्रिकेट विश्व कप 2023 तथा 2024-31 चक्र में भारत में भविष्य की आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। बयान के अनुसार, पीसीबी को अब तक एसीसी अध्यक्ष के बयान पर एसीसी की ओर से कोई आधिकारिक संवाद या स्पष्टीकरण नहीं मिला है। पीसीबी ने अब एशियाई क्रिकेट परिषद से आग्रह किया है कि वह महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा के लिए व्यावहारिक रूप से जितना जल्दी संभाव हो अपने बोर्ड की आपात बैठक बुलाए। पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी का अधिकार सौंपा गया है जिसका आयोजन भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले अगले साल अक्टूबर-नवंबर में होगा। श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण पिछले महीने वहां से टी20 एशिया कप को यूएई स्थानांतरित किया गया था। भारत में 2018 में होने वाले एशिया कप को भी यूएई में स्थानांतरित किया गया था क्योंकि बीसीसीआई पाकिस्तान की मेजबानी के लिए सरकारी सुरक्षा एजेंसियों से स्वीकृति हासिल नहीं कर पाया था। भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण सिर्फ एशियाई और आईसीसी प्रतियोगिताओं में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं। भारत ने पिछली बार 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था जबकि पाकिस्तान ने भारत में पिछली श्रृंखला 2012-13 में खेली थी। पीसीबी ने कहा कि शाह का बयान हैरानी भरा और साथ ही निराशाजनक है। बोर्ड ने कहा, अगले साल के एशिया कप को तटस्थ स्थल पर स्थानांतरित करने के संबंध में एसीसी अध्यक्ष जय शाह के कल के बयान से पीसीबी हैरान और निराश है।

उन्होंने कहा, ए बयान एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (प्रतियोगिता का मेजबान) से चर्चा या सलाह मशविरे के बिना दिया गया और इसके दीर्घकालिक परिणामों के बारे में भी नहीं सोचा गया। बयान के अनुसार, शाह की अध्यक्षता में एसीसी बैठक के दौरान एसीसी के बोर्ड सदस्यों के जबर्दस्त समर्थन के बीच एसीसी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिलने के बाद एसीसी एशिया कप को स्थानांतरित करने का बयान स्पष्ट तौर पर एकतरफा है। अगले महीने मेलबर्न में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड की बैठक में पीसीबी और बीसीसीआई अधिकारियों के बीच यह मुद्दा उठने की उम्मीद है। आईसीसी ने अब तक इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्रिकेट खेलने वाले एक एशियाई देश के शीर्ष अधिकारी ने उम्मीद जताई कि यह मामला सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटा लिया जाएगा। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत या पाकिस्तान के बिना एशिया कप नहीं हो सकता। अधिकारी ने पीटीआई से कहा, यह एशिया कप का सबसे बड़ा मुकाबला है और दोनों में से अगर कोई टीम नहीं खेलती तो फिर टूर्नामेंट का कोई मतलब नहीं है। काफी समय बचा है लेकिन उम्मीद करता हूं कि मामला सुलझा लिया जाएगा। बीसीसीआई अगर अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने के खिलाफ फैसला करता है तो तटस्थ स्थल सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। पाकिस्तान इसलिए भी नाराज है क्योंकि शीर्ष देशों ने लंबे समय बाद यहां का दौरा शुरू किया और हाल के वर्षों में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज जैसे सभी शीर्ष देश टेस्ट और सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलने यहां आए हैं। पीसीबी ने कहा, सितंबर 1983 में जिस भावना के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद का गठन किया गया था।

## अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने भानवाला



**एजेंसी ■ पोंटवेद्रा (स्पेन)**

साजन भानवाला अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए जिन्होंने यूक्रेन के दमित्रो वेसत्स्की को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में हराया। यूक्रेन के पहलवान ने शानदार शुरूआत की लेकिन भानवाला ने जबर्दस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की। वह प्रतिद्वंद्वी को चित नहीं कर सके लेकिन चार अंक लेने में कामयाब रहे। उन्होंने दो और अंक बनाए जिसके बाद रक्षात्मक खेल दिखाया। इस बीच यूक्रेन के पहलवान ने फिर बढत बना ली। भानवाला ने दो और अंक बनाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को फिर दबाव में ला दिया। मुकाबला 10 . 10 पर छूटा लेकिन भानवाला ने आखिरी अंक बनाए थे तो उन्हें विजई घोषित किया गया। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया के एस्तिस एल को 3 . 0 से हराया था लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में मोलदोवा के अलेक्जेंद्रिन गुटु से हार गए। गुटु के फाइनल में पहुंचने पर उन्हें रेपेशॉज के जरिए फिर से पदक जीतने का मौका मिला। उन्होंने रेपेशॉज में कजाखस्तान के रसूल झुनिस को 9 . 6 से मात दी। इस बीच विकास 72 किलो वर्ग में कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।

वह सेमीफाइनल में क्रोएशिया के पावेल पुकलावेक से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए थे। अब उनका सामना जॉर्जियोस टी सोटिरिआडिस और जापान के डी कोबायाशी के बीच होने वाले रेपेशॉज मुकाबले के विजेता से होगा। विकास ने इससे पहले किर्गीस्तान के आदिलखान नूरलानबेकोव और मेजबान टीम के मार्कोस सांचेस सिल्वा को हराया था। सुमित 60 किलोवर्ग में पदक की दौड़ में लौटे हैं।रेपेशॉज में उनका सामना कजाखस्तान के ओल्जास सुल्तान से होगा। आशु 67 किलो वर्गमें हारकर बाहर हो गए हैं।



*नवी मुंबई में फीफा यू-17 वीमन्स वर्ल्ड कप के ग्रुप सी थर्ड राउंड मैच में फुटबॉल पर नियंत्रण की कोशिश में चीन एवं स्पेन की खिलाड़ी।*

## ओलंपिक से मुक्केबाजी के बाहर होने से उभरते मुक्केबाज दिशाहीन हो जाएंगे : जोंस

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



अमेरिका के महान मुक्केबाज रॉय जोंस जूनियर को लगता है कि ओलंपिक से मुक्केबाजी के बाहर किए जाने से भारत जैसे देशों में इस खेल में नए सितारे खोजने की उम्मीद कम हो जाएगी क्योंकि उभरते हुए मुक्केबाजों पास आगे बढ़ने के लिए कोई दिशा नहीं होगी। लास एजिंल्स 2028 ओलंपिक के लिए शुरूआती खेलों की सूची में से मुक्केबाजी को बाहर रखा गया है जो कई देशों के लिए गहरा झटका है और यह फैसला कई संचालन संबंधित मुद्दों के कारण लिया गया है। अपनी पीढ़ी के सबसे सफल मुक्केबाजों में से एक जोंस ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक और आईओसी कार्यकारी समिति को एक खुला पत्र लिखा जिसमें उन्होंने उनसे इस महीने के शुरू में मुक्केबाजी को बाहर किए जाने के संबंध में फैसले पर दोबारा विचार का अनुरोध किया। इस पत्र में 1988 ओलंपिक के रजत पदक विजेता ने कहा कि मुक्केबाजी को ओलंपिक से बाहर करना एक अपराध करने की तरह ही होगा।

## एक नजर

### यरवदा जेल के कैदियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में कांस्य जीता


**नई दिल्ली।** पुणे की यरवदा जेल की एक शतरंज टीम ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हाल ही में विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा कैदियों के लिए आयोजित अंतर महाद्वीपीय आजादी के लिए शतरंज ऑनलाइन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय कैदियों की टीम ने किसी टूर्नामेंट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 46 देशों की 86 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम को भारतीय तेल निगम (आईओसी) की परिवर्तन जेल से लेकर गौरव तक पहल के तहत तैयार किया गया था। आईओसी ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### रमिता बनी 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला विश्व चैंपियन

**काहिरा।** भारतीय निशानेबाज रमिता ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में चीन की यिंग शेन को एक करीबी मुकाबले में 16-12 से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सातवें दिन का आकर्षण भारत के लिए रमिता का स्वर्ण और महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में पहले तीन स्थान हासिल करना रहा। भारत अब इस प्रतियोगिता में 25 पदक जीत चुका है जिसमें 10 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक शामिल है। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। रमिता फाइनल में यिंग के खिलाफ एक समय 12-12 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.8 और 10.7 के स्कोर बनाकर खिताब अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन में रमिता 629.6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थी लेकिन रैंकिंग राउंड में उन्होंने 262.8 अंक बनाए और शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इस स्पर्धा में भारत की तिलोत्तमा सेन ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने रैंकिंग राउंड में 261 अंक बनाए। इससे पहले क्वालिफिकेशन में वह 633.4 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी।

## कैंफर के शानदार प्रदर्शन से आयरलैंड ने स्कॉटलैंड को हराया



**एजेंसी ■ होबार्ट**

कुर्टिस कैम्फर के अर्धशतक की मदद से आयरलैंड ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी हैं। कैम्फर ने जीत के लिए 177 रन के लक्ष्य के जवाब में आयरलैंड को संकट से निकाला और एक ओवर बाकी रहते जीत दिलाई। पहले मैच में आयरलैंड को जिम्बाब्वे ने 31 रन से हराया था। एक समय पर उसका स्कोर 10वें ओवर में चार विकेट पर 61 रन था लेकिन इसके बाद कैम्फर (नाबाद 72) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 39) ने पांचवें विकेट की नाबाद साझेदारी में 119 रन जोड़े। कैम्फर ने 32 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि डॉकरेल ने चार चौके और एक छक्का लगाया। लोरकान टकर ने 20, कप्तान एंडी बालबर्नी ने 14 और हैरी टेक्टर ने 14 रन बनाए। कैम्फर ने इससे पहले नौ रन देकर दो विकेट लिए थे। इससे पहले माइकल जोंस के पहले टी20 अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड ने पांच विकेट पर 176 रन बनाए। जोंस ने 55 गेंद में 86 रन बनाए। कप्तान रिची बैरिंगटन (37), मैथ्यू क्रॉस (28) और माइकल लीस्क (नाबाद 17) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

**टी20 विश्व कप** | टी20 विश्व कप में दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के तौर पर मैदान मे उतरेंगे।

# टी20 विश्व कप से पहले सूर्यकुमार बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

**एजेंसी ■ दुबई**




भारत के सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी आईसीसी पुरूष रैंकिंग के अपडेट के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वह टी20 विश्व कप में दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरेंगे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (861 रेटिंग अंक) ने न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान निरंतर प्रदर्शन की बदौलत टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जबकि सूर्यकुमार (838 रन) रविवार को एमसीजी में दोनों देशों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले दूसरे स्थान पर कायम हैं। केएल राहुल (13), विराट कोहली (15) और कप्तान रोहित शर्मा (16) सभी ताजा अपडेट में अपने स्थान पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कोनवे से आगे तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष 10 में एकमात्र बदलाव न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स की रैंकिंग में हुआ है जो बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रदर्शन के बूते 13 पायदान के शानदार उछाल से 10वें स्थान पर पहुंच गए। हार्दिक पंड्या आल राउंडर रैंकिंग में 173 रेटिंग अंक से छठे स्थान पर बरकरार हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन शीर्ष आल राउंडर के तौर पर टी20 विश्व कप में प्रवेश करेंगे। उन्होंने अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शीर्ष स्थान से हटाया। शाकिब ने न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बूते शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें इस अनुभवी क्रिकेटर ने बांग्लादेश के अंतिम दो मैचों के दौरान लगातार अर्धशतक जमाए। गेंदबाजों की अपडेट हुई सूची में शीर्ष 10 के अंदर ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है जिसमें मुजीबुर रहमान (दो पायदान के फायदे से पांचवें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (एक पायदान के लाभ से आठवें स्थान पर) रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़े हैं। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (705 रेटिंग अंक) ने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बढ़त कायम रखी है। उनके बाद अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (696 अंक), श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (692) और दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी तबरेज शम्सी (688) शामिल हैं। भारत के भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की तिकड़ी क्रमशः 12वें, 22वें और 23वें स्थान पर काबिज है।

## कमर की चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल से हटीं हरमनप्रीत



**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को कमर की चोट के कारण महिला बिग बैश लीग से नाम वापिस लेना पड़ा है जिसमें वह मेलबर्न रेनेगाडेस के लिए खेल रही थी। पिछली बार लीग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरमनप्रीत भारत के लिए एशिया कप खेलने के कारण पहले दो मैचों में भाग नहीं ले सकी थी। उनकी जगह इंग्लैंड की बल्लेबाज इव जोंस को उतारा जा सकता है। मेलबर्न रेनेगाडेस के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्टन ने एक बयान में कहा , हरमनप्रीत ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। हम चाहते थे कि वह इस सत्र में भी खेले लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से चोट के कारण वह बाहर हो गई।

### संगम में नेताजी की अस्थियां विसर्जित



प्रयागराज, (ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की अस्थियों को उनके पुत्र अखिलेश यादव ने यहां गंगा एवं यमुना के संगम पर बुधवार को विसर्जित किया। श्री यादव का अस्थि कलश लेकर सैफई हवाई पट्टी से चार्टर्ड विमान से प्रयागराज पहुंचे । अखिलेश के साथ उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव, आदित्य यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप सिंह यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सीएम जयराम ठाकुर सिराज से लड़ेंगे चुनाव

## भाजपा ने हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए 62 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को 62 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंगलवार रात हुई बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगायी गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।बुधवार को जारी



पहली सूची के 62 उम्मीदवारों में पांच महिलाएं हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुख राम के बेटे अनिल शर्मा को भाजपा ने मंडी से उतार है। पार्टी ने कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट भी काटे हैं।

### कांग्रेस को पुराने चेहरों पर भरोसा, 46 में तीन महिला उम्मीदवार, 22 सीटों पर टिकट होल्ड

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में प्रदेश के दो प्रमुख दलों में से एक कांग्रेस ने टिकट आवंटन में बाजी मार ली। मिशन-2022 की तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार देर रात 46 प्रत्याशियों के टिकट की पहली सूची जारी कर दी। शेष 22 टिकटों पर भी दिल्ली में मंथन जारी है। कांग्रेस ने पूर्व विधायकों और वरिष्ठ नेताओं पर दोबारा दांव खेला है। लगातार हार रही कांग्रेस ने कुछ सीटों पर टिकट बदलकर नया प्रयोग करने का प्रयास किया है। इनमें शिमला, कांगड़ा और ऊना जिले की कुछ सीटें शामिल हैं। सोलह अक्टूबर को दिल्ली में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद पार्टी में टिकटों पर विवाद था। इसके बाद दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कई दौर की बैठकें भी हुई थीं। इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने तीन महिलाओं को भी टिकट दी है। इसमें डलहौजी से आशा कुमारी, मंडी से चंपा ठाकुर और पच्छाद से दयाल प्यारी शामिल हैं। पांच नए चेहरों को भी पार्टी ने मैदान में उतारा है। इनमें ठियोग से कुलदीप राठौर, चुराह यशवंत खन्ना, नगरोटा बगवां से रघुवीर बाली, चौपाल से रजनीश किमटा और झंडूता से विवेक कुमार शामिल हैं।

### पीएम कल केदारनाथ व बदरीनाथ धाम पहुचेंगे

**देहरादून, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अक्टूबर को केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का दर्शन करेंगे। पीएमओ से राज्य सरकार को मोदी के दौरे का अधिकृत कार्यक्रम मिल गया है। सरकार ने प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तेज कर दी हैं। मोदी 21 अक्तूबर को दिल्ली से विशेष विमान के जरिए जौलीग्रांट एअरपोर्ट आएंगे और वहां से सेना के हेलीकाप्टर से पौने आठ बजे केदारनाथ धाम पहुंचेंगे। लगभग आधा घंटे तक वे धाम के दर्शन करेंगे। इसके बाद प्रस्तावित रोपवे का शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी शंकराचार्य की प्रतिमा के दर्शन के बाद सरस्वती और मंदाकिनी नदी के तट पर बने आस्था पथ का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री बदरीनाथ के लिए रवाना होंगे।

### बीएसएफ के चिकित्सा अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा पुलिस उप-निरीक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं के आरोप में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चिकित्सा अधिकारी करनैल सिंह को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंह को मंगलवार को हिरासत में लिया गया था और उन्हें सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

### सीतारमण ने तिरुपति में तिरुचनूर मंदिर में पूजा की

**तिरुपति (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बुधवार शाम तिरुचनूर में देवी पद्मावती अम्मावरी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

दर्शन के बाद मंदिर के पुजारियों ने श्रीमती सीतारमण को प्रसाद दिया। इस दौरान तिरुपति के सांसद डॉ गुरुमूर्ति, आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री रेजेंद्रनाथ रेड्डी, उप कार्यकारी अधिकारी लोकनाथम और अन्य उपस्थित थे।

### इमरान मसूद ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को सपा छोड़कर आए इमरान मसूद को बसपा की सदस्यता ग्रहण करायी। मसूद ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ मायावती से मुलाकात कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मायावती ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि श्री इमरान मसूद एक जाना-पहचाना नाम है, जिन्होंने बुधवार को अपने करीबी सहयोगियों के साथ मुझसे मुलाकात की और वे सपा छोड़कर, अच्छी नीयत व पूरी दमदारी से काम करने के वादे के साथ, बीएसपी में शामिल हो गए, जिसका तहेदिल से स्वागत। गौरतलब है कि मसूद ने गत मार्च में हुए विधान सभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ कर सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। चुनाव में सपा से टिकट नहीं मिलने के बाद से वह पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहे थे।

### आज का इतिहास

- **1568:** अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
- **1740:** मारिया थेरेसा आस्ट्रिया, हंगरी और बोहमिया की शासक बनी।
- **1774:** कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी।
- **1822:** लंदन संडे टाइम्स का पहला अंक प्रकाशित।
- **1880:** एम्सटर्डम मुक्त विवि की स्थापना।
- **1904:** चिली और बोलविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षकर किया।
- **1905:** रूस में 11 दिन तक चले ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई।
- **1946:** वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने 20 अक्टूबर वियतनाम महिला दिवस घोषित किया।
- **1947:** अमेरिका व पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये।
- **1962:** चीन ने भारत पर हमला किया और अरुणाचल प्रदेश के रास्ते भारत के अंदर तक प्रवेश की कोशिश की।
- **1991:** उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 लोगों की मौत।

# अल्पसंख्यकों के हकों की रक्षा भारत की जिम्मेदारी: गुटेरेस

## आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ देखने जाएंगे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारत आए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की सीख दी है। उन्होंने बुधवार को आईआईटी बॉम्बे के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने यहां मानवाधिकारों की रक्षा करके ही दुनिया में स्वीकार्यता और विश्वसनीयता हासिल की जा सकती है। एंतोनियो गुटेरेस ने कहा कि अपने यहां मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाकर ही दुनियाभर में भारत की बात को स्वीकार्यता और विश्वसनीयता हासिल हो सकती है।



### मुंबई में 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की तीन दिनी दौरे की शुरुआत

गुटेरेस ने यहां आईआईटी-बॉम्बे के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार परिषद का एक निर्वाचति सदस्य होने के नाते भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और इन्हें बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बहुलता का भारतीय मॉडल एक सरल लेकिन गहरी समझ पर आधारित है। विविधता एक ऐसी खूबी है जो आपके देश को मजबूत बनाती है। यह समझ रखना हर भारतीय का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसे हर दिन बेहतर, मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के मूल्यों को अपनाकर, सभी लोगों विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के अधिकारों तथा सम्मान को सुरक्षित व बरकरार रखकर, समावेश के लिए ठोस कदम उठाकर, बहु-सांस्कृतिक, बहु-धार्मिक और बहु-जातीय समाजों के विशाल मूल्य और योगदान को पहचान कर, और अभद्र बयानबाजी की निंदा करके ऐसा किया जा सकता है।

### महिला अधिकारों को भी बढ़ावा देने की बताई जरूरत

संयुतव राष्ट्र के नेता ने कहा कि पूरी दुनिया की तरह भारत में लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह नैतिक रूप से अनिवार्य है। यह समृद्धि और स्थिरता का पैमाना भी है। महिलाओं, पुरुषों, लड़कियों और लड़कों के लिए समान अधिकारों व स्वतंत्रता के बिना कोई भी समाज पूरी तरह समृद्ध नहीं हो सकता।

### दो दिन गुजरात में गुजारेंगे संयुक्त राष्ट्र के महासचिव

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और उनकी टीम बुधवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर है। श्री एंटोनियो गुटेरेस तथा उनकी टीम गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में मुलाकात करेंगे। यहाँ के विभिन्न कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद गुरुवार के दिन ही वे हाल में ख्याति प्राप्त भारत के पहले पहले 24गुना7 सोलर पॉवर्ड विलेज मोढेरा की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत मंगलवार को मुंबई में 26/11 हमले में मारे गए लोगों के श्रद्धांजलि के साथ की। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव अपने दूसरे कार्यकाल के पहले भारत दौरे पर आए हैं। यूएन महासचिव पहली बार स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा करेंगे। तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए यूएन महासचिव अपनी यात्रा के तीसरे दिन विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को विजिट करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूएन महा सचिव का स्वागत करेंगे जिसके बाद यूएन महासचिव श्री मोदी के आतिथ्य में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर को देखेंगे और सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान दोनों वैश्विक नेताओं की बीच एक अलग से बैठक भी संभव है। संरा महा सचिव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, और संयुक्त राष्ट्र एवं भारत सरकार के अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के बहुप्रतीक्षित विचार एलआईएफई (लाइफ) मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

# लश्कर-ए-तैयबा का गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकी मुठभेड़ में ढेर

### आपत्तिजनक सामग्री जब्त



आतंकवादी इमरान बशीर गनी

**श्रीनगर ■ एजेंसी**

जम्मू कश्मीर में दो गैर स्थानीय प्रवासी मजदूरों पर ग्रनेड फेंक हत्या किये जाने के मामले में गिरफ्तार लश्कर-ए-तैयबा का एक हाइब्रिड आतंकवादी शोपियां जिले में छापेमारी के दौरान मारा गया। पुलिस ने बताया कि इमरान बशीर गनी एक हाइब्रिड (यह शब्द पुलिस ने उन आतंकवादियों के लिए बनाया जो आतंकी घटनाओं में शामिल होने के बाद वापस सामान्य जीवन में लौट आते है जिससे उनका पुलिस रिकार्ड नहीं बन पाता) आतंकवादी था। पूछताछ में उसके खुलासे के आधार पर मारे गये एक छापे के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान वह मारा गया। पुलिस ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा कि गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी के खुलासे के आधार पर और पुलिस और सुरक्षा बलों ने लगातार छापेमारी की, शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक और मुठभेड़ हो गयी, जिसमें हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की गोली लगने से मारा गया। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व कांग्रेस को नई दिशा देगा: श्रीनिवास बी.वी.

**नई दिल्ली (संजय पोद्दार)।** श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की राजनैतिक शुरुआत सन 1969 से हुई जब वे गुलबर्गा शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने, सन 1972 से 2008 तक नौ बार विधायक चुने गए, सन 2009 से 2019 तक लोकसभा सांसद चुने गए, 2009 से 2014 तक केंद्र सरकार में मंत्री रहे, 2014 से 2019 तक लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे, 2021 से 2022 तक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे और 2020 से अभी तक राज्यसभा के सांसद है, यह सफर अपने आप में एक कीर्तिमान समान है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी जी का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता ऋणी रहेगा उनकी निःस्वर्थ सेवा और समर्पण के लिए, 19 वर्षो तक पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर कार्य करना आसान कार्य नही और यह उनका ही नेतृत्व था जिसके वजह से देश को 10 वर्ष के लिए श्री मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में एक जनहितेषी सरकार मिली। आज श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से नफरत, बेरोजगारी, महंगाई व अन्य ज्वलंत जनता के मुद्दों के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा कर रही है, जन-जन के नेता राहुल गांधी जी को इस यात्रा में जनता का अपार स्नेह, प्यार और समर्थन मिल रहा है, खड़गे के नए नेतृत्व के माध्यम से कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों इस ही प्रकार देश भर में जनता के मुद्दो के लिए आवाज बुलंद करती रहेगी। श्रीनिवास बी वी जी ने कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री खड़गे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विचारों में स्पष्टता, संगठन के लिए समर्पण, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी का नेतृत्व कांग्रेस को नई दिशा देगा।

# उमरे ने बनाई सौर ऊर्जा से 69.9 लाख यूनिट बिजली

**प्रयागराज,(ब्यूरो)।** सौर मिशन पर राष्ट्रीय पहल के अनुसरण में, उमरे ने सौर ऊर्जा उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उत्कृष्ट रख-रखाव, सौर ऊर्जा संयंत्र के संचालन की सघन मॉनिटरिंग और सौर मिशन-2021-22 के तहत किये गए अभिनव प्रयासों के कारण, वर्ष 2021-22 में उमरे में सौर संयंत्रों की उत्पादकता सभी जोनल रेलवे में सबसे अधिक थी। पिछले, वित्तीय वर्ष में, सौर ऊर्जा का उपयोग करके 124 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर 5.01 करोड़ रुपए की बचत की गई।

### 2.08 करोड़ की बचत की

इसी गति को जारी रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी पहली छमाही में उमरे द्वारा 69.9 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण के एक बड़े लक्ष्य की ओर एक कदम है, इससे राजस्व में भी पर्याप्त बचत हुई है। इस प्रकार सौर ऊर्जा के उपयोग से रुपए 2.08 करोड़ की शुद्ध राजस्व बचत दर्ज की गई है। उमरे की कुल स्थापित क्षमता 11.03 मेगावाट है। इसमें से 120 के ड्ब्ल्यूपी रेलवे द्वारा स्थापित किया गया है, शेष 10882.34 के ड्ब्ल्यूपी क्षमता दो प्रमुख सौर ऊर्जा डेवलपर्स अजूर और रिन्यू द्वारा पीपीपी आधार पर स्थापित की गई है। स्टेशन भवन, कार्यशालाएं, ट्रेनिंग विद्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन आदि प्रमुख स्थानों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाए गए हैं ।

# इंडियन एंबेसी की एडवाइजरी भारतीय जल्द छोड़ दें यूक्रेन

**कीव ■ एजेंसी**



यूक्रेन में पिछले 10 दिनों में रूस की सेना की तरफ से हमले तेज किए गए हैं। यूक्रेन में पहले मिसाइल और फिर ड्रोन से हमले किए गए है।

यूक्रेन में सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और हाल ही में हुए हमलों को देखते हुए भारतीय दूतावास ने एडवाइजारी जारी की है। बुधवार को भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत के नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने यूक्रेन में मौजूद छात्रों सहित भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी है।

बुधवार को ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ की घोषणा की है. ये क्षेत्र हैं- लुहान्स्क, डोनेट्स्क, जापोरिज्जिया और खेरसॉन, इन पर रूस ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। मार्शल लॉ की घोषणा के बाद रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां मिल गई हैं।

# माल लदान में वृद्धि के लिए व्यापारियों के साथ बैठक

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** उमरे के प्रयागराज मंडल में कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक कैंप कार्यालय में मंगलवार को वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक शशि भूषण की अध्यक्षता में कानपुर एरिया के व्यापारियों एवं साइडिंग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।



जिसमें त्वरित गति से रैकों का लदान एवं नया माल यातायात ट्रैफिक लाने तथा लोडिंग/अनलोडिंग पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने अपनी समस्यायो से अवगत कराया। व्यापारियों के साथ की हुई बैठक में रेलवे के द्वारा हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया गया तथा वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक शशि भूषण के द्वारा बताया गया कि विलम्ब शुल्क और स्थान शुल्क के भुगतान व माफी अपील की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है, जिससे इस प्रक्रिया में लगने वाले समय व संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने विभिन्न गुड्स शेड समस्यायों को दूर करने हेतु रेलवे द्वारा गुड्स शेड में कराये जा रहे कार्यों से व्यापारियों को अवगत कराया।

**डैमेज कंट्रोल** दिल्ली के नए मंत्री के नाम का केजरीवाल ने किया ऐलान, एलजी को भेजा पत्र

# राजेंद्र पाल के स्थान पर राजकुमार आनंद बने मंत्री

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राजेंद्र पाल गौतम के इस्तीफे के बाद दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने नए मंत्री के नाम का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि राजेंद्र पाल गौतम की जगह राज कुमार आनंद को मंत्री बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि उन्होंने आनंद के नाम की सिफारिश का लेटर एलजी वीके सक्सेना को भेज दिया है।



बता दें कि राजकुमार जाटव समाज से आते हैं। राजेन्द्र पाल गौतम भी जाटव समाज से थे। राजकुमार आनंद की पत्नी भी विधायक रह चुकी हैं। उनकी जगह ही 2019 विधानसभा चुनाव में राजकुमार को टिकट मिला था। 2020 में राज कुमार आनंद की ओर से दायर हलफनामे के मुताबिक उनके पास 78 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है। उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं 325, 323, 427 और 34 के तहत केस भी दर्ज है। केजरीवाल ने राजेन्द्र पाल गौतम की जगह अब राज कुमार आनंद को मंत्री बनाया है।

### राजेंद्र पाल को इसलिए देना पड़ा इस्तीफा

बता दें कि पिछले दिनों राजेंद्र पाल गौतम को शपथ विवाद के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। बौद्ध दीक्षा के दौरान दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों को राम-कृष्ण समेत हिंदू देवी-देवताओं को भगवान ना मानने और उनकी पूजा ना करने की शपथ दिलाई गई थी। भाजपा ने इसका वीडियो जारी करते हुए आम आदमी पार्टी को घेरना शुरू कर दिया था। उनके इस्तीफे के बाद अब उनका मंत्रालय अब राज कुमार आनंद संभालेंगे। राजेंद्र पाल के पास समाज कल्याण मंत्रालय के अलावा एससी एसटी, महिला और बाल विकास, सहकारी समितियां और गुरुद्वारा चुनाव की जिम्मेदारी थी। मंत्री बनने पर राज कुमार को ये सभी विभाग मिल गया है। अरविंद केजरीवाल ने यह ऐलान डीडीसीडी (डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन आफ दिल्ली) के सात साल पूरे होने पर एक प्रेस कांफ्रेंस में किया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शाम चार बजे एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमने डीडीसीडी की शुरुआत इसलिए की थी ताकि सरकार कोई नई योजना लेकर आए तो उससे संबंधित सारे रिसर्च का काम डीडीसीडी करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जो भी योजनाएं लाती हैं वो सफल होती हैं, उसका क्रेडिट मैं डीडीसीडी को देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि 7 साल में डीडीसीडी ने 70 से ज्यादा प्रोजेक्ट लागू किए हैं।

# उमरे में राजभाषा के प्रयोग मे बहुआगामी प्रगति दर्ज

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** उमरे में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में बहुआयामी प्रगति के उद्देश्य से महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार उमरे महाप्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य विभाग में किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में वाणिज्य विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार वाणिज्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी शशिकांत सिंह ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रही है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) सहायक सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।